23 Ambikapur-pg 1-0_Layout 1 3/23/2025 10:37 PM Page 1

हरिभूमि
# सरगुजा-कोरिया भूमि
बिलासपुर, सोमवार, 24 मार्च 2025
[ अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज ]

तापमान
अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 21 डिग्री

2 कोरिया जिले के 256 परीक्षा केन्द्रों में संपन्न साक्षरता की महापरीक्षा



## देशी कट्टा, पिस्टल, जिन्दा कारतूस भी बरामद
# सीतापुर व कोतवाली क्षेत्र में लूट के चार मामलों तीन आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीतापुर/अम्बिकापुर

सीतापुर और कोतवाली थाना क्षेत्र में लूट की चार अलग अलग घटनाओं में शामिल आरोपियों को पकड़ने में पुलिस ने सफलता हासिल की है। पुलिस ने मामले में तीन कुख्यात आरोपियों को गिरफ्तार करने के साथ ही चोरी का सामान खरीदने वाले 2 आरोपी को पकड़ा है। पुलिस ने आरोपियों से लूट का सोना, जेवर, स्कूटी और अन्य सामान बरामद करने के साथ ही घटना में प्रयुक्त देशी कट्टा, देशी पिस्टल और कारतूस बरामद किया है। आरोपी सुपारी लेकर हत्या, चोरी जैसे गंभीर मामलों में गिरफ्तार हो चुके है। वहीं पुलिस मामले में गिरोह के अन्य आरोपियों की तलाश कर रही है। रविवार को इस मामले का एएसपी सरगुजा अमोलक सिंह ढिल्लो ने पत्रकार वार्ता के दौरान खुलासा किया।

**खास बात**
- हथियार के दम पर सिलसिलेवार ढंग से दिया वारदातों को अंजाम, हत्या, चोरी के मामले में जा चुके है जेल

बता दें कि बता दें कोतवाली और सीतापुर थाना क्षेत्र में लगातार लूट की घटनाएं सामने सामने आई थी। ऐसे में एएसपी योगेश पटेल ने सीतापुर, बतौली, साइबर सेल और स्पेशल पुलिस की संयुक्त टीम बनाकर जांच के निर्देश दिए थे। जांच के दौरान सीसीटीवी फुटेज व अन्य साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने संदेह के आधार पर सीतापुर नवापारा कुनमेरा निवासी 22 वर्षीय शिवा उर्फ डेविड एक्का आ. बोधन एक्का, झारखण्ड लोहरदग्गा के ग्राम मेढ़ो सेन्हा निवासी 28 वर्षीय लखन उरांव आ. बेचना उरांव व जशपुर जिले के पत्थलगांव सोनारपारा तमता निवासी 27 वर्षीय रूपेंद्र श्रीवास आ. सुख सागर श्रीवास को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उन्होंने अपना जुर्म कबूल कर लिया। आरोपियों ने पुलिस को बताया कि 23 नवम्बर 2024 को आरोपी शिवा उर्फ डेविड एक्का अपने साथी sonu लकड़ा व अन्य आरोपी के साथ बाइक से लालमाटी पहुंचा। इस दौरान उन्होंने रात 10 बजे सीतापुर देवगढ़ जूनापारा हाल मुकाम



मामले का खुलासा करते एएसपी, पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

### महिला के घर में घुसकर लूट

पुलिस के अनुसार सीतापुर थाना अंतर्गत केरजू चौकी के ग्राम कुनमेरा मुड़ापारा निवासी श्रीमती दिव्या कान्ता टोप्पो के घर 7 फरवरी की रात लूट की घटना हुई थी। महिला रात को खाना खाकर कमरे में सोई हुई थी इस दौरान देर रात 1.30 बजे तीन नकाबपोश युवक उसके घर की छानी को तोडकर घर में घुस आए और महिला को जान से मारने की धमकी देकर आलमारी से नगदी 35 सौ रूपए, कान का टप्स सोने का 2 जोडी, दो जोडी पायल, मंगलसूत्र, स्कूटी का चाबी 2 नग, 2 नग एटीएम, पैन कार्ड, आधार कार्ड, बोटर आई डी, आर सी बुक, मोबाइल लूट कर ले गये गए। इस मामले में भी आरोपियों ने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस ने अनुसार महिला के घर में शिवा उर्फ डेविड एक्का ने अपने साथियों के साथ मिलकर दिव्या कान्ता टोप्पो के किराना दुकान व ग्राहक सेवा केंद्र के छत से जाकर घर में घुसकर लूटपाट की थी। घटना के समय आरोपी बिना नम्बर की सपर स्प्लेंडर बाइक से आए थे। घटना के दौरान शिवा उऱ्फ डेविड एक्का का साथी घर के अंदर घुसा था शिवा उऱ्फ डेविड एक्का तथा रूपेंद्र उऱ्फ पिटु श्रीवास घर के बाहर थे। आसपास के घर के सभी दरवाजा को बाहर से बंद कर दिये थे। लुटपाट घटना के बाद तीनों आरोपी ग्राम घोघर वापस आ गये थे। दिनांक 09/02/25 को शिवा तथा रूपेंद्र श्रीवास कुनकुरी जाकर तनिषा ज्वेलर्स में जाकर मंगलसूत्र और दो जोडा चांदी का पायल को 10 हजार रुपए में बेच दिया दिव्याकाता टोप्पो के पैन कार्ड, आधार कार्ड, वोटर आईडी कार्ड को सरगा जंगल में ले जाकर फाडकर जला दिये तथा एटीएम कार्ड व मोबाइल हैंडसेट को अपने पास रख लिया लूट किये गये मोबाइल में महिला का फोन पे चालू था तथा यूपीआइ नम्बर को पिंटू उर्फ रूपेन्द्र श्रीवास ने रिसेट कर यूपीआई नम्बर बनाया था। जिसका उपयोग पैसा निकालने में किया था। इसके साथ ही आरोपियों ने मोबाइल फोन के माध्यम से फोन पे से लगभग 94 हजार रूपए निकाल लिए थे। फोन पे से निकाला हुआ पैसा को शिवा तथा रूपेंद्र आधा आधा बटवारा कर लिया।

### रांची से लौटकर बनाया लूट का प्लान

पुलिस ने बताया कि सीतापुर राधापुर निवासी ईंट भट्ठा व्यवसायी राजेन्द्र कुमार अग्रवाल के घर 17 मार्च की रात कट्टे की नोंक पर लूट का प्रयास किया गया। नकाब पोश आरोपियों ने व्यवसायी के सुरक्षा गार्ड से कट्टे की नोक पर मोबाइल फोन लूट लिया और घर का दरवाजा खुलवाने का प्रयास किया। इस दौरान व्यवसायी के आने पर आरोपी भाग निकले। इस मामले में भी आरोपियों ने अपना जुर्म कबूल करते हुए पुलिस को बताया कि 16 मार्च को रांची से अल्टो कार क्रमांक जेएच 02 एल 1098 से आरोपी शिवा अपने साथी लखन उरांव, एवं अन्य के साथ मिलकर महादेवडांड गए और वहीं रुके। इस दौरान पांच आरोपियों ने मिलकर लूट का प्लान बनाया। आरोपी शिवा ने अपने साथियों को बताया कि बताया कि राधापुर में ईंट भट्ठा का एक मालिक है उसके यहां अच्छा माल मिलेगा। ऐसे में पांचों आरोपी अल्टो कार में राधापुर की ओर पहुंचे। लखन उरांव देसी कटटा, शिवा देसी पिस्टल, रखकर राधापुर ईंट भट्ठे के मालिक के घर में लूट के इरादे से रात्रि 2 बजे बाउंड्री वाल के अंदर घुसे। घर की रेकी करने के बाद चले गए और फिर 17 मार्च को रात 9 बजे फिर से सभी आरोपी व्यवसायी के घर पहुंचे और अल्टोकार को कुछ दूरी पर खड़ा करने के बाद घर में घुस गए। घर के बाहर चौकीदार मिला जिसे शिवा ने धमकाकर मोबाइल फोन लूट लिया व अन्य आरोपियों ने चौकीदार को दरवाजा खुलवाने के लिए बोला। दरवाजा नहीं खुलने पर लात से मारकर दरवाजा खोलने का प्रयास किया लेकिन जब व्यवसायी के आने की आहट हुई तो आरोपी भाग निकले और चौकीदार के मोबाईल को वहीं पास की झाड़ी में फेंक दिया।

### कट्टे की नोंक पर लूट

पुलिस ने बताया कि थाना अंतर्गत नवापारा निवासी फारेस्ट विभाग से डिप्टी रेंजर पद पर रिटायर होने के बाद राधे श्याम गुप्ता द्वारा किराना दुकान का संचालन किया जाता है। 26 फरवरी की रात राधेश्याम गुप्ता परिवार के साथ खाना खाकर सो गए थे। इस दौरान रात 1.30 बजे घर के पहली मंजिल का दरवाजा को तोड़कर तीन अज्ञात व्यक्ति उनके घर में घुस आए और जान से मारने की धमकी देकर 13 लाख रूपए के नगद और जेवर के लूटपाट की वारदात को अंजाम दिया। पुलिस के अनुसार इस वारदात को भी इसी गिरोह ने अंजाम दिया था। पुलिस ने बताया कि घटना दिवस की रात शिवा उऱ्फ डेविड एक्का, एवं एक अन्य साथी तीनों मिलकर बिना नम्बर की बाइक से प्रार्थी के मकान में पहुंचे। इस दौरान शिवा तथा लखन ने मुंह में कपड़ा बांधकर रखा था जबकि एक अन्य आरोपी ने हेलमेट से अपना चेहरा ढंका था। आरोपियों नेपिस्टल कटटा, तलवार दिखाकर डरा धमका कर सोने चांदी का जेवर मोबाईल, नगदी की लूट की थी। घटना के बाद आरोपी भागकर महादेवडाव पहुंचे जहां उन्होंने नगदी व जेवर का मिलान किया। लूट में उन्हें सोने का हार 2 नग, सोने का मंगलसुत्र 2 नग सोने का चैन 2 नग, सोने का अंगुठी 3 नग, चादी का पायल 3 जोडी नगदी रकम 57000 मिला। आरोपियों नगदी रूपये में से 19-19 हजार रूपए आपस में बांट लिया तथा सभी जेवर मामले मे शामिल तीसरा अन्य आरोपी अपने पास बैग में रख लिया तथा बोला कि इसे बाद में बेचेगें। बाद में शिवा एवं लखन उरांव को सोने का चेन 2 नग, 1 बड़ा सोने का हार 1 मंगलसुत्र, 1 अंगुठी एवं 2 नग चांदी का पायल मिला जबकि बाकी जेवर को तीसरे आरोपी ने नकली बता दिया। शिवा और लखन ने उक्त जेवर को लेकर रांची के इटकी के सोनार सुशील के दुकान में पहुंचे जहां जेवर बेचकर उन्हें 39 हजार रुपए मिले। इसमें से शिवा को 10 हजार तथा लखन को 5 हजार रुपए मिले जबकि बाकी रकम अन्य साथियों में बांट दिया गया था। इस राशि से लूट का केवल 700 रुपए ही शेष बचा है जिसे जब्त किया गया हैं।

### ये सामान बरामद

पुलिस ने आरोपियों से घटना में प्रयुक्त 1 नग देसी पिस्टल, 1 नग देसी कट्टा, 1 मैगजीन, 3 नग जिन्दा राउंड, 1 नग लूटा गया स्कूटी, 1 नग घटना में प्रयुक्त ऑल्टो कार, 1 नग घटना मे प्रयुक्त दोपहिया वाहन, 1 नग लूटा गया मोबाइल, 1 नग घटना मे प्रयुक्त मोबाइल, नगदी रकम 25 सौ रुपए, लूटा गया 1 नग मंगलसूत्र एवं 2 नग पायल कुल किमती मशरुका लगभग 15 लाख बरामद किया गया हैं।



हादसे के बाद सड़क किनारे पड़े शव।

# शादी के लिए लड़की देखकर लौट रहे तीन ग्रामीणों की सड़क हादसे में मौत

**राजपुर।** रविवार की सुबह शंकरगढ़ थाना क्षेत्र में पिकअप और बाइक के बीच हुई जोरदार भिडंत में बाइक सवार तीन लोगों की मौत हो गई। मृतक शादी के लिए लकड़ी देखकर वापस लौट रहे थे। इस दौरान तेज तेज रफ्तार पिकअप के चालक ने टक्कर मार दी। इस घटना के बाद बाद मृतकों के परिजन सदमे में है इसके साथ ही क्षेत्र में शोक का माहौल निर्मित हो गया है। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा शवों को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है इसके साथ ही घटना की जांच की जा रही है।

- पिकअप और बाइक के बीच हुई भिडंत
- शंकरगढ़ क्षेत्र के चिरई घाट में हुई घटना

बताया जा रहा है ग्राम जगिमा पटना निवासी 23 वर्षीय खेलसाय आ. सोहराई राम अपने लिए लड़की देखने के लिए जगिमा निवासी 65 वर्षीय भंडारी आ. बोलो व गणेश मोड़ चौकी अंतर्गत ग्राम कोटपाली निवासी 30 वर्षीय फूलसाय आ. रामचरण के साथ 22 मार्च को सबाग गया हुआ था। सबाग में लड़की देखने के बाद तीनों बाइक क्रमांक सीजी 15 ईई 6410 से वापस घर लौट रहे थे। इस दौरान जैसे ही वे कुसमी-शंकरगढ़ मार्ग पर चिरई घाट के समीप पहुंचे सामने से आ रहे तेज रफ्तार पिकअप वाहन क्रमांक सीजी 15 डीएम 9308 के चालक ने तेज व लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक सवारों को टक्कर मार दी। टक्कर में टक्कर इतनी जोरदार थी कि तीनों युवक सड़क पर दूर जा गिरे इसके साथ ही उनकी बाइक बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। इस घटना में बाइक सवार तीनो ग्रामीण गंभीर रूप से घायल हो गए और सिर पर गहरी चोट लगने के कारण उनकी मौके पर ही मौत हो गई। इस दौरान रास्ते से गुजर रहे लोगों ने घटना की सूचना शंकरगढ़ पुलिस को दी। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा शवों को मर्च्युरी में रखवाने के साथ ही मृतकों की पहचान हेतु प्रयास किए जा रहे थे। घंटों मशक्कत के बाद मृतकों की शिनाख्त हो पाई। पुलिस द्वारा घटना की सूचना परिजन को दी गई। सूचना मिलते ही तीनों मृतक के परिजन अस्पताल पहुंचे। घटना के बाद परिजन का रो रोकर बुरा हाल है इसके साथ ही एक साथ तीन मौतों से क्षेत्र में शोक का माहौल है। इस संबंध में थाना प्रभारी जितेन्द्र सोनी ने बताया कि पिकअप और बाइक के बीच टक्कर में तीन लोगों की मौत हुई है। मृतकों की शिनाख्त हो गई है। शवों को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द किया जाएगा। घटना के बाद पिकअप चालक फरार हो गया था जिसकी तलाश की जा रही है और मामले में अपराध दर्ज कर जांच उपरान्त कार्रवाई की जाएगी।

# दो माह बाद भी 78 लाख की लूट का नहीं लगा सुराग

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

सरकारी शराब दुकान के कलेक्शन के 78 लाख की लूट के मामले में पुलिस के हाथ दो माह बाद भी खाली है। मामले में एसपी और आईजी ईनाम की घोषणा भी कर चुके है। इसके बावजूद पुलिस को कोई सुराग नहीं मिल पा रहा है।

- एसपी और आईजी ने की है इनाम की घोषणा

गौरतलब है कि 14 जनवरी को आबकारी विभाग के अंतर्गत संचालित शासकीय शराब दुकानों से रोजाना बिक्री रकम कलेक्शन करने वाली कैश कलेक्शन बोलेरो गाड़ी अपने रूटीन पर निकली थी। शाम करीब 5 बजे कलेक्शन वैन जिला मुख्यालय से लगे ग्राम खोखरा के सरकारी शराब दुकान में कैश कलेक्शन इंचार्ज और वाहन चालक शराब हिसाब करके बिक्री रकम को पेटी में भरकर लाने के लिए गए। इस दौरान सुरक्षाकर्मी शैलेन्द्र सिंह बैस गाड़ी में ही बैठा था। इसी दोरान मोटरसायकल में सवार दो अज्ञात आरोपी वहां पहुंचे। उन्होंने पिस्टल निकालकर गाड़ी के दरवाजे पर तैनात सुरक्षाकर्मी शैलेन्द्र सिंह पर सीधे फायरिंग कर दी। गोली उसके पैर में लगी और वह घायल हो गया। इसके बाद आरोपी गाड़ी में रखे 78 लाख रुपए से भरे एक पेटी को उठाकर भाग निकले। मामले में पुलिस ने जांच के लिए कई टीम बनाई। आईजी संजीव शुक्ला ने भी मौके का मुआयना किया था। एसपी ने आरोपियों का सुराग बताने वालों को पांच हजार तो आईजी ने 25 हजार रुपए ईनाम की घोषणा की है। इस सबके बावजूद अब तक आरोपियों का कोई सुराग नहीं लग सका है। इस संबंध में एडिशनल एसपी उमेश कश्यप ने बताया कि पुलिस मामले की पतासाजी के लिए हर संभव प्रयास कर रही है।



# वनकर्मियों ने जेसीबी से ढहाया अवैध निर्माण

**अम्बिकापुर।** वन परिक्षेत्र उदयपुर अंतर्गत रामगढ़-पुराबीट वनभूमि में अवैध अतिक्रमण कर ग्रामीण द्वारा बनाए जा रहे मकान को वन अमले ने जेसीबी से ढहा दिया।

जानकारी के अनुसार उदयपुर निवासी बैगा यादव ने रामगढ़ की वनभूमि में अतिक्रमण कर मवेशियों के लिए झोपड़ी बनाया था। झोपड़ी की आड़ में वह धीरे-धीरे भूमि पर मकान का निर्माण कर रहा था। सूचना पर रविवार को वन अमला जेसीबी लेकर पहुंचा एवं अवैध निर्माण को ढहाकर वनभूमि को अतिक्रमण मुक्त किया। इस दौरान वन अमले ने घर बनाने के लिए एकत्र की गई लकड़ी को भी जब्त कर लिया। कार्रवाई में राम बिलास सिंह, सतीश कुमार सारथी, राजेश राजवाड़े, विष्णु सिंह सहित अन्य वनकर्मी उपस्थित थे।

# जमीन के लिए भाई की हत्या के आरोपी को आजीवन कारावास

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

जमीन के टुकड़े के लिए घर में नींद से सो रहे भाई की बेरहमी से हत्या करने के मामले में कोर्ट ने फैसला सुनाया है। सत्र न्यायाधीश केएल चरयाणी ने आरोपी को आजीवन कारावास व 100 रूपए के अर्थदंड से दंडित किया है।

न्यायालयीन सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार दरिमा थाना अंतर्गत ग्राम कंठी माझापारा निवासी 36 वर्षीय नवीन दास आ. बलीराम दास का अपने ही भाई उर्मिला दास से जमीन को लेकर विवाद चल रहा था। इस बीच 2 जून 2023 की रात उर्मिला दास घर के बाहर आंगन में सोया हुआ था जबकि उसका भाई नवीन दास भी बगल में सोया हुआ था। रात को सोते समय अचानक ही जमीन विवाद को लेकर चल रही रंजिश के कारण नवीन दास ने नींद से सो रहे अपने भाई उर्मिला दास पर टांगी से ताबड़तोड़ कई वार कर दिया। टांगी के वार से उर्मिला दास चीखने चिल्लाने लगा और बेहोश हो गया। इस घटना के बाद आनन फानन में परिजन द्वारा युवक को उपचार के डायल 112 की मदद से मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। जमीन विवाद को के चक्कर में भाई की हत्या के मामले में पुलिस ने आरोपी नवीन दास को भादवि की धारा 302 के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया था। इस प्रकरण में 21 मार्च को सत्र न्यायाधीश केएल चरयाणी के कोर्ट में सुनवाई हुई। इस दौरान शासन की ओर से लोक अभियोजक गौरंगो सिंह ने पक्ष रखा। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने आरोपी नवीन दास को जमीन विवाद के लिए भाई की हत्या का दोषी मानते हुए धारा 302 के तहत आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। इसके साथ ही कोर्ट ने आरोपी पर 100 रुपए का अर्थदंड भी लगाया है।



- नींद से सोते समय टांगी से वारकर की थी हत्या

## खबर संक्षेप

### उत्कर्ष योजना अंतर्गत चयन परीक्षा 30 को

**बलरामपुर।** सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग अधिकारी ने जानकारी दी है कि पंडित जवाहरलाल नेहरू विद्यार्थी उत्कर्ष योजना अंतर्गत वर्ष 2025-26 में कक्षा 6 वीं प्रवेश के लिए 23 मार्च को दोपहर 12 बजे से परीक्षा आयोजित होनी थी। परीक्षा की तिथि में आंशिक संशोधन किया गया है। उक्त चयन परीक्षा अब 30 मार्च को दोपहर 12 बजे से एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय भेलवाडीह बलरामपुर में आयोजित की जायेगी। परीक्षा हेतु प्रवेश पत्र 25 मार्च से विकासखण्ड स्तर पर विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय/मंडल संयोजक कार्यालय से कार्यालयीन समय में प्राप्त कर सकते हैं।

### पीपीटी प्रवेश परीक्षा में ऑनलाइन आवेदन 11 अप्रैल तक

**बलरामपुर।** शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज रामानुजगंज में सत्र 2025-26 में प्रवेश हेतु पीपीटी प्रवेश परीक्षा में ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 11 अप्रैल है। प्राचार्य शासकीय पॉलीटेक्निक रामानुजगंज ने बताया कि डिप्लोमा पाठ्य पूर्ण करने के उपरांत विभिन्न शासकीय क्षेत्रों जैस विद्युत, लोक निर्माण विभाग, नगर निगम, नगरीय निकाय, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, बीएसपी, एनटीपीसी, एनएमडीसी, एसएससी, सिंचाई विभाग इत्यादि में जूनियर इंजिनियर के पद पर नौकरी पाने का सुनहरा अवसर प्राप्त होता है।

### चमकाने के नाम पर सोने का चेन लेकर आरोपी फरार

**अंबिकापुर।** जवाहर मार्केट पूर्व पार्षद कराताराम गुप्ता घर के आगे रहने वाली महिला इंदु सिंघानिया के घर 20 मार्च की दोपहर 11.40 बजे एक अज्ञात युवक पहुंचा था। युवक ने महिला को बताया कि वह पीतल, तांबा के बर्तनों को पावडर से धोकर दिखाना चाहता है। युवक के झांसे में आकार महिला ने पीतल का दीपक जलाने वाला दिया लाई कालर साफ़ करने को दिया। इसके बाद उसने कहा कि चांदी का मूर्ति और जेवर भी साफ हो जायेगा जिसके बाद महिला ने भगवान की मूर्ति के ऊपर रहेने वाली चांदी की छतरी लाकर साफ करने को दिया। आरोपी ने चांदी की छतरी को साफ करने के बाद सोने के आभूषण साफ करने को कहा जिस पर महिला ने गले में पहने सोने के चेन को निकालकर साफ करने को दिया। आरोपी ने सोने की चेन को महिला द्वारा लाए स्टील के डिब्बे में रखकर पानी डाला और फिर केमिकल केमिकल पाउडर, हल्दी पाउडर डाला और चूल्हे में गर्म करने के लिए बोलकर चला गया। पांच मिनट बाद जब महिला डिब्बे से सोने का चेन निकालने गई तो चेन गायब था। ऐसे में महिला ने घटना की जानकारी अपने पति अनूप सिंघानिया को दी। महिला ने मामले की शिकायत पुलिस से की है। पुलिस दवरा मामले में अज्ञात के खिलाफ बीएनएस की धरा 318(4) के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

### पिकअप चालक ने कार को मारी टक्कर, अपराध दर्ज

**अंबिकापुर।** कार को पिकअप से टक्कर मारने के मामले में पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। कोतवाली पुलिस के अनुसार केदारपुर निवासी राजेश सिंह 21 मार्च की शाम 4.15 बजे अपनी कार क्रमांक सीजी 15 बी 8487 से होटल बिरेन्द्र प्रभार से ब्रम्ह रोड की तरफ जा रहा था। इस दौरान पुराना बस स्टैंड के पास पिकअप क्रमांक ओडी 16 1751 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए, गलत दिशा से कार को टक्कर मार दी। इस घटना में कार बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। युवक की शिकायत पर पुलिस के पिकअप चालक के खिलाफ बीएनएस की धारा 281, 125(ए) के तहत अपराध दर्ज किया है।

रमजान मुबारक
तेईसवां रोजा
आज का इफ्तार - 6.13 बजे
कल की सेहरी - 4.33 बजे

## नवसाक्षर सास-बहु एवं पति-पत्नी ने एक साथ दी परीक्षा
# 531 केंद्रों में हुई महापरीक्षा, 15857 नवसाक्षरों ने की भागीदारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण द्वारा रविवार को आयोजित परीक्षा में नवसाक्षरों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। विभिन्न परीक्षा केन्द्रों में सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक राष्ट्रव्यापी बुनियादी एवं संख्यात्मक मूल्यांकन परीक्षा आयोजित की गई। महापरीक्षा में 28100 परीक्षार्थियों को शामिल करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया था लेकिन परीक्षा के गुणवत्तापूर्ण सम्पादन के लिए जिला स्तरीय प्रभारी, ब्लाक स्तरीय मॉनिटरिंग दल के साथ ग्राम पंचायत स्तर पर निरीक्षण दल का गठन किया गया था।

जिले के विभिन्न केन्द्रों में एक ही परिवार से सास-बहू, पति-पत्नी एवं देवरानी-जेठानी ने मिलकर परीक्षा दी। महापरीक्षा में 60 वर्ष से अधिक उम्र की महिलाओं ने भी उत्साह के साथ भागीदारी की। कई केन्द्रों में छोटे बच्चों के साथ महिलाएं परीक्षा देने पहुंची। महापरीक्षा को लेकर विद्यार्थियों में काफी उत्साह देखा गया। विकासखण्ड परियोजना अधिकारी कमलेश वर्मा ने बताया कि नवागढ़ केन्द्र में अपर कलेक्टर अम्रतलाल ध्रुव ने निरीक्षण कर नवसाक्षरों का उत्साहवर्धन किया। जिला शिक्षा अधिकारी अशोक सिन्हा ने विकासखण्ड लखनपुर के परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि विकासखण्ड लखनपुर में 4750 लोगों का पंजीयन कराया गया था।

जिला परियोजना अधिकारी गिरीश गुप्ता ने बताया कि परीक्षा में 15 वर्ष से अधिक उम्र के परीक्षार्थी शामिल हुए जो शिक्षा की मुख्यधारा से कटे हुए थे या प्रारंभ से ही शाला त्यागी थे। साक्षरता कक्षा में उल्लास प्रवेक्षिका के 7 पाठों या 200 घंटों की पढ़ाई पूरी करने वाले साक्षरों ने परीक्षा में भागीदारी की। सरगुजा में परीक्षा के लिए कुल 531 परीक्षा केन्द्र बनाए गये थे जिनमें 15857 विद्यार्थियों ने भाग लिया।





महापरीक्षा में शिशु को गोद में लेकर परीक्षा देती नवसाक्षर महिला।

### सास-बहु आज उल्लास नवभारत साक्षरता महापरीक्षा ग्राम पंचायत राई में लिखि

**भैयाथान।** रविवार को उल्लास नवभारत साक्षरता अभियान के तहत विकासखंड भैयाथान के 78 ग्राम पंचायतों की शालाओं में सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक महापरीक्षा आयोजित की गई। महापरीक्षा में 2265 महिला एवं 1835 पुरुष कुल 4100 नवसाक्षरों ने भागीदारी की। ग्राम पंचायत राई में सास श्रीमती सहोदरी पैकरा पति लालजी पैकरा एवं बहू श्रीमती अंकिता पति अमरेश पैकरा एक साथ महापरीक्षा में शामिल हुई।



# फेल होने पर 9वीं की छात्रा ने की आत्महत्या

**अम्बिकापुर।** शहर से सटे ग्राम अजिरमा नेपाली पारा निवासी मानसी बड़ाइक पिता मनकुमार राम (14वर्ष) शहर के कार्मेल स्कूल में कक्षा 9वीं में पढ़ती थी। कक्षा 9वीं की वार्षिक परीक्षा में हिन्दी विषय में वह फेल हो गई थी।

स्कूल प्रबंधन ने उसे पुनः मौका देने का आश्वासन दिया था लेकिन परीक्षाफल घोषित होने के बाद से ही वह परेशान थी तथा शनिवार को अपने कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। दोपहर 2 बजे उसका भाई छात्रा के कमरे में गया तो परिवार के सदस्यों को उसके फांसी लगाने की जानकारी मिली। परिजन तत्काल उसे फांसी से उतारकर एक निजी अस्पताल ले गए जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। छात्रा कुछ दिनो पूर्व नेशनल गेम्स में भागीदारी करने नेपाल गई थी।

23-Ambikapur-pg-2_Layout 1 3/23/2025 9:05 PM Page 1



## खबर संक्षेप

### जिपं सदस्य बनने पर गुरू से की मुलाकात



**मनेन्द्रगढ़।** जिला पंचायत सदस्य बनने के बाद सरगुजा संभाग के सुप्रसिद्ध गायक भगत बाबू अपने शिक्षा से लेकर संस्कार एवं राजनीति के गुरू से मुलाकात करने उनके निवास पहुंचे। क्षेत्र के समाजसेवी व्यक्तित्व के धनी सरगुजा संभाग आदिवासी समाज के प्रमुख परमेश्वर सिंह मरकाम के साथ पहली बार मुलाकात एवं आशीर्वाद लेने पहुंचे। भगत बाबू के साथ में आनंद सिंह मरकाम, मोहन सिंह उदय, सीताराम, संतोष सिंह, मदन बाबू, उदय मशहूर संगीतकार साथ में रहे।

### छात्रवृत्ति के लिए आवेदन 26 तक

**बैकुण्ठपुर।** शिक्षा सत्र 2024-25 के लिए जिले में जिले के निवासी जो छग राज्य से बाहर अध्ययनरत संचालित समस्त शैक्षणिक शासकीय व अशासकीय महाविद्यालय, मेडिकल, कृषि, वेटनरी, पॉलीटेक्निक कॉलेज, आईटीआई, नर्सिंग, डीएड एवं बीएड में अध्ययनरत जिनका संस्थाओं में प्रवेश विलंब से हुआ है, जिन पाठ्यक्रमों का परीक्षा परिणाम विलंब से हुआ है, ऐसे अनुसूचित, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थी ऑनलाइन पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए पात्र होंगे। ऑनलाइन आवेदन वेबसाइट पर किया जा सकता है। आदिवासी विकास के सहायक आयुक्त ने बताया कि ऑनलाइन पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए नवीन एवं नवीनीकरण ऑनलाइन आवेदन के लिए अंतिम तिथि 26 मार्च तक निर्धारित है। ड्राफ्ट प्रपोजल लॉक करने के लिए 28 मार्च तक एवं सैंक्शन ऑर्डर लॉक करने के लिए 30 मार्च तक का समय रहेगा।

### पुलिस अधीक्षक ने ली क्राइम मीटिंग, दिए निर्देश

**जांजगीर-चांपा।** जिले के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विवेक शुक्ला ने 22 मार्च को जिले के सभी राजपत्रित अधिकारियों और थाना व चौकी प्रभारियों की क्राइम मीटिंग ली। इस दौरान अपराधों की समीक्षा करते हुए उन्होंने अपराधों के त्वरित निपटारे, फरार आरोपियों की गिरफ्तारी और अपराध नियंत्रण के लिए बिंदुवार दिशा-निर्देश दिए। इस बैठक में एएसपी उमेश कुमार कश्यप, डीएसपी जितेंद्र खूंटे, एसडीओपी चांपा यदुमणि सिदार, डीएसपी मुख्यालय विजय पैकरा, एसडीओपी प्रदीप कुमार सोरी, डीएसपी अनिल कुमार कुर्रे, रक्षित निरीक्षक प्रदीप कुमार जोशी, राजेंद्र श्रीवास्तव , सउनि अश्वनी राठौर और जिले के सभी थाना व चौकी प्रभारी उपस्थित रहे।

### नक्टीडीह में युवती ने लगाई फांसी, जांच में जुटी पुलिस

**बिर्रा।** नकटीडीह में युवती ने फांसी लगाकर की आत्महत्या बिर्रा। बिर्रा थाना क्षेत्र के नक्टीडीह में एक युवती ने फांसी लगा कर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली है। वही अब उसके मौत पर सवाल उठने लगे हैं कि युवती ने आत्महत्या की या उसकी हत्या की गई है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार बिर्रा थाना क्षेत्र के ग्राम नक्टीडीह में एक नाबालिग लड़की पिछले 2 महीने से किसी लड़के के साथ रह रही थी, वहीं उनके बीच आये दिन किसी बात को लेकर विवाद होता रहता था, इस दौरान रात्रि के समय उक्त युवती ने फांसी लगाकर जान दे दी। लोगों द्वारा संदेह जताई जा रही है कि कहीं फांसी में लटकाकर आत्महत्या का रुप तो नहीं दिया गया है। बहरहाल कारण चाहे जो भी हो मामला पुलिस जांच के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा।

### सतनामी युवक-युवती परिचय सम्मेलन 30 को

**जांजगीर-चांपा।** सतनामी उत्थान एवं जागृति समिति एवं सतनामी समाज की बैठक सतनाम भवन गुरु घासीदास स्मारक स्थल एवं मिनीमाता सभा स्थल लछनपुर केराझरिया चांपा में 20 मार्च को परम पूज्य बाबा गुरु घासीदास जी की पूजा आरती का प्रारंभ की गई बैठक में रविवार 30 मार्च सतनामी युवक युवती परिचय सम्मेलन की समीक्षा तैयारी की गई।

---

### पंजीकृत 8157 में 7351 शिक्षार्थी हुए शामिल

# कोरिया जिले के 256 परीक्षा केन्द्रों में संपन्न साक्षरता की महापरीक्षा





नव साक्षरों का आंकलन परीक्षा का निरीक्षण करते अधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत नव साक्षरों का आंकलन के लिए महापरीक्षा का आयोजन रविवार को जिलेभर में आयोजित की गई। आयोजित परीक्षा में शिक्षार्थी महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

उक्त परीक्षा के लिए कोरिया जिले के सोनहत विकासखंड में कुल 2076, बैकुंठपुर विकासखंड में 6081 शिक्षार्थी पंजीकृत किए गए थे। इनमें बैकुंठपुर विकासखंड में कुल पंजीकृत में से 5310 शिक्षार्थियों ने परीक्षा दी, वहीं सोनहत विकासखंड में कुल पंजीकृत में 2041 शिक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित रहे। इस तरह निर्धारित अंतिम समय तक विकासखंड बैकुंठपुर में 87.3 एवं सोनहत विकासखंड में 98.3 प्रतिशत उपस्थिति रही। इस तरह कोरिया जिले में नवभारत उल्लास कार्यक्रम के तहत 23 मार्च को आयोजित महापरीक्षा में कोरिया जिले में कुल 90.1 प्रतिशत शिक्षार्थियों ने परीक्षा दी। उक्त परीक्षा रविवार को निर्धारित केन्द्रों में प्रातः 10 से सायं 5 बजे तक आयोजित की गई। आयोजित परीक्षा में परीक्षार्थी अपने सुविधानुसार परीक्षा केन्द्रों में पहुंच कर परीक्षा दी। इसी सुविधा के चलते जिलेभर के परीक्षा केन्द्रों में पंजीकृत परीक्षार्थी अपने-अपने सुविधानुसार परीक्षा केन्द्र पहुंच कर परीक्षा में शामिल हुए। वहीं साक्षरता केन्द्रों के स्वयंसेवकों को भी निर्देशित किया गया था कि वे अपने अपने केन्द्र के पंजीकृत साक्षरों को परीक्षा में सम्मिलित कराए। इसके चलते विभिन्न परीक्षा केन्द्रों में नवसाक्षरों ने केन्द्र में पहुंच कर परीक्षा दी। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर एवं अध्यक्ष कार्यकारिणी जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण श्रीमती चंदन त्रिपाठी के निर्देशन एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एवं उपाध्यक्ष जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण डॉ.आशुतोष चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में उल्लास साक्षरता केन्द्रों में सर्वेक्षित असाक्षर शिक्षार्थियों को उल्लास प्रवेशिका का 200 घंटे का अध्यापन जिले में स्थापित 1224 अध्यन केन्द्रों में कराया गया। उल्लेखनीय है कि कोरिया जिले के सुदूर सीमावर्ती क्षेत्र मध्यप्रदेश सीमा से लगे प्रथम परीक्षा केन्द्र ग्राम आनंदपुर में उल्लास नुवभारत साक्षरता कार्यक्रम के राष्टÑव्यापी परीक्षा महाभियान में शिक्षार्थियों ने उत्साह पूर्वक बढ़-चढ़कर भाग लिया।

#### राष्ट्रव्यापी महापरीक्षा अभियान का आयोजन

उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम अंतर्गत राष्ट्रव्यापी महापरीक्षा अभियान का आयोजन जिले के 256 परीक्षा केन्द्रों में आयोजित हुई। कोरिया जिले में शिक्षार्थियों की लक्ष्य संख्या महिला-पुरूष कुल 8157 थी। परीक्षा संपन्न कराने के लिए कुल 256 केन्द्राध्यक्ष, 280 पर्यवेक्षक सह मूल्यांकनकर्ता को परीक्षा संपन्न कराने के लिए प्रशिक्षण पश्चात आदेशित किया गया था। महापरीक्षा अभियान के तहत अनुवीक्षण कार्य के लिए जिला स्तरीय 9 अधिकारी एवं डाईट कोरिया से 4 अनुवीक्षणकर्ताओं के साथ-साथ बैकुंठपुर विकासखंड के लिए 48 एवं सोनहत विकासखंड के लिए 21 शैक्षिक समन्वयकों को आदेशित किया गया। वातावरण निर्माण के लिए कलेक्टर एवं अध्यक्ष कार्यकारिणी जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण श्रीमती चंदन त्रिपाठी की अपील एवं विभिन्न माध्यमों से प्रचार-प्रसार का कार्य दीवार लेखन के साथ-साथ किया गया। जिला विकासखंड ग्राम/वार्ड स्तर पर बैठकें आयोजित की गई एवं व्यक्तिगत तौर पर सभी शिक्षार्थियों को परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए न्यौता-सूचना दी गई।

### एमसीबी में 6,225 परीक्षार्थी हुए शामिल

**मनेन्द्रगढ़।** एमसीबी जिले में राष्टीय शिक्षा नीति 2020 के तहत संचालित नवभारत साक्षरता कार्यक्रम उल्लास के अंतर्गत साक्षरता महापरीक्षा का भव्य आयोजन किया गया। यह परीक्षा जिलेभर में शिक्षा का नया सवेरा लेकर आई, जिसका उद्देश्य 15 वर्ष या उससे अधिक आयु के अशिक्षित व्यक्तियों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ना है। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी डी. राहुल वेंकट के मार्गदर्शन और जिला शिक्षा अधिकारी अजय मिश्रा के निर्देशन में इस परीक्षा का सुचारू रूप से संचालन किया गया। विकासखंड भरतपुर में इस्माइल खान, मनेन्द्रगढ़ में सुरेन्द्र जायसवाल और खड़गवां में बलविंदर सिंह की देखरेख में परीक्षा का आयोजन हुआ। मनेन्द्रगढ़ में यह परीक्षा प्राथमिक शाला खूंटापारा और प्राथमिक शाला डोमनापारा में संपन्न हुई, जबकि खड़गवां में सुव्यवस्थित तरीके से आयोजित किया गया। भरतपुर के आदर्श परीक्षा केन्द्र प्राथमिक शाला बरहोरी में विशेष आयोजन के तहत शिक्षार्थियों का पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ स्वागत किया गया, उन्हें लोरी, चंदन और पुष्पगुच्छ भेंट कर शिक्षा की ओर बढ़ने के इस ऐतिहासिक कदम के लिए प्रोत्साहित किया गया। इस अवसर पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी भरतपुर मो. इस्माइल खान, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी सुदर्शन पैकरा, संकुल समन्वयक रमेश पटेल, केन्द्राध्यक्ष मनोज सिंह, पर्यवेक्षक इंद्रजीत सिंह और साक्षरता प्रभारी राजकुमार नामदेव की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस महापरीक्षा में जिलेभर से 6,225 परीक्षार्थियों ने भाग लिया, जिनकी लगन और मेहनत ने इस अभियान को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया। परीक्षा में वे अभ्यर्थी शामिल हुए जिन्होंने उल्लास साक्षरता केन्द्र में 200 घंटे की पढ़ाई पूरी कर ली थी या उल्लास प्रवेशिका के सात अध्यायों को सफलतापूर्वक पूरा किया था। इस परीक्षा के सफल प्रतिभागियों को राष्टीय मुक्त विद्यालय संस्थान (एनआईओएस) और राष्टीय साक्षरता मिशन प्राधिकरण (एनआईएलपी) द्वारा प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा, इससे उनके लिए शिक्षा और रोजगार के नए द्वार खुलेंगे। उल्लास साक्षरता महापरीक्षा केवल एक परीक्षा नहीं, बल्कि उन हजारों लोगों के सपनों को साकार करने का एक माध्यम बनी है।



---



समारोह में शामिल हुए व्यापारी।

## कोरिया जिले के व्यापारी पदाधिकारियों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

कोरिया जिले के प्रतिष्ठित व्यापारियों अजय गुप्ता को छग चेम्बर ऑफ कॉमर्स का प्रदेश उपाध्यक्ष और शैलेन्द्र शर्मा को प्रदेश मंत्री बनाए जाने के उपलक्ष्य में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

यह समारोह गंगाश्री ग्रुप के तत्वाधान में गंगाश्री होटल बैकुंठपुर में संपन्न हुआ। इसमें जिले के प्रमुख व्यापारियों, अधिवक्ताओं, जनप्रतिनिधियों और गणमान्य नागरिकों ने भाग लिया। समारोह में पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष शैलेश शिवहरे और गंगाश्री ग्रुप के चेयरमैन राजेश शुक्ला ने नव-निर्वाचित पदाधिकारियों अजय गुप्ता, शैलेन्द्र शर्मा, पंकज जैन और संजीव ताम्रकार का सम्मान किया। इस दौरान चार्टर्ड अकाउंटेंट प्रशांत गुप्ता ने भी व्यापारिक विकास की दिशा में इन नेताओं की भूमिका की सराहना की। कार्यक्रम का प्रभावशाली संचालन राजेन्द्र सिंह ने किया। वरिष्ठ अधिवक्ता आशीष गुप्ता ने कहा कि यह उपलब्धि कोरिया जिले के व्यापारिक जगत के लिए गर्व की बात है और इससे जिले को प्रदेश स्तर पर नई पहचान मिलेगी। अजय गुप्ता ने कहा कि यह हमारे लिए एक नई जिम्मेदारी है, जिसे हम पूरी निष्ठा और टीमवर्क के साथ निभाएंगे। हमारा लक्ष्य जिले के व्यापारिक विकास को नए आयाम देना है। वहीं शैलेन्द्र शर्मा ने आश्वासन दिया कि व्यापारियों की समस्याओं को प्राथमिकता के साथ उठाया जाएगा और उनके समाधान के लिए हरसंभव प्रयास किए जाएंगे। इस अवसर पर नसीम असदक, मनोज गुप्ता, डॉ.सुनील गप्ता, प्रमोद जायसवाल, राधेश्याम जायसवाल, ज्ञान प्रकाश गुप्ता, महेन्द्र बेद, प्रशांत गुप्ता, संजय गुप्ता, राजेश राज गुप्ता, ओमप्रकाश केवलानी, विवेक गुप्ता, सत्यम गुप्ता, रविकांत गुप्ता, जुबैर अहमद, विजय सोनी, आशीष बेद, सुदीप सोनी, अनुराग दुबे, गिरजाशंकर पाण्डेय, अभय बड़ेरिया, आदर्श गौतम, रितेश राजवाड़े सहित बैकुंठपुर, सोनहत और पटना के व्यापारी एवं विभिन्न क्षेत्रों के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### फ्लोरा मैक्स कंपनी के दो फरार आरोपियों को यूपी से किया गिरफ्तार

**जांजगीर-चांपा।** पुलिस ने फ्लोरा मैक्स कंपनी से जुड़े ठगी के मामले में फरार चल रहे दो आरोपियों को उत्तर प्रदेश के इटावा जिले से गिरफ्तार किया है। पुलिस पहले ही इस प्रकरण में 15 आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों के नाम सुरेंद्र सिंह उम्र 21 वर्ष और श्याम सिंह उम्र 48 वर्ष चांपा थाना क्षेत्र के हथनेवरा गांव के निवासी हैं। दोनों आरोपियों के खिलाफ छत्तीसगढ़ निक्षेपकों के हितों का संरक्षण अधिनियम 2005 की धारा 6 और 10 सहित विभिन्न धाराओं के तहत कार्रवाई की गई और उन्हें न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है।

---

## नपाध्यक्ष ने वार्ड का किया निरीक्षण



निरीक्षण करती नगरपालिका अध्यक्ष प्रतिमा यादव।

**मनेन्द्रगढ़।** वार्ड नंबर 21 में एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती प्रतिमा यादव, सरजू यादव, संजीव सिंह, वार्ड क्रमांक 20 की पार्षद सुनैना विश्वकर्मा, वार्ड क्रमांक 21 की पार्षद सुशीला सिंह, इंजीनियर पवन साहू एवं वार्डवासियों ने मिलकर वार्ड का निरीक्षण किया।

इस भ्रमण के दौरान विशेष ध्यान शहर के सबसे आखिरी छोर में स्थित पाइप लाइन पर केन्द्रित किया गया, जो पिछले कई सालों से लीकेज का शिकार हो रही थी। वार्ड के लोगों ने इसकी शिकायत की थी और इसे लेकर नगर पालिका अध्यक्ष ने शीघ्र ही पाइप लाइन को सुधारने के निर्देश दिए। उन्होंने नगर पालिका अधिकारियों से पाइप लाइन की मरम्मत के कार्य को प्राथमिकता देने को कहा, ताकि लोगों को जल आपूर्ति की समस्या से निजात मिल सके। इसके अलावा वार्ड के विभिन्न इलाकों में जाकर, अध्यक्ष और अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने स्थानीय निवासियों से मिलकर उनकी समस्याएं सुनीं। इस दौरान लोगों ने सड़कों की मरम्मत, जल निकासी, सफाई व्यवस्था और अन्य मूलभूत सुविधाओं की स्थिति पर चर्चा की।

नपाध्यक्ष श्रीमती यादव ने वार्डवासियों को आश्वासन दिया कि उनकी समस्याओं का समाधान शीघ्र किया जाएगा और उनका समग्र विकास सुनिश्चित किया जाएगा। इस मौके पर उपस्थित सभी जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने मिलकर वार्डवासियों की समस्याओं को प्राथमिकता से सुलझाने का संकल्प लिया।

### गाज की चपेट में आकर घायल ग्रामीण की मौत

**सीतापुर।** गाज की चपेट में आने से एक ग्रामीण की मौत हो गई। बता दें कि शुक्रवार की शाम से मौसम में हुए बदलाव और चक्रवाती परिसंचरण के कारण जिले में गरज चमक के साथ मूसलाधार बारिश और जमकर ओला वृष्टि हुई है। इस दौरान जगह जगह गाज गिरने की घटनाएं भी सामने आई है। बताया जा रहा है कि गाज की चपेट में आकर एक ग्रामीण की मौत हो गई। थाना अंतर्गत ग्राम सुरेशपुर स्कूल पारा निवासी 55 वर्षीय श्याम लाल चिकवा आ. स्व. रामचन्द्र चिकवा गांव का चौकीदार था और वह रात को अपने घर में सो रहा था। परिजन के अनुसार सोते समय खपरैल घर में आकाशीय बिजली गिरने के कारण वह गंभीर रूप से झुलस गया था। परिजन द्वारा ग्रामीण को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया था जहां शनिवार की देर शाम 7.15 बजे उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

## जल संरक्षण करने लिया गया सामूहिक संकल्प



सामूहिक शपथ लेती महिलाएं।

**मनेन्द्रगढ़।** एमसीबी जिले में अंतरराष्ट्रीय जल दिवस के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

कलेक्टर डी. राहुल वेंकट के निर्देशानुसार एवं जिला पंचायत सीईओ अंकिता सोम शर्मा के मार्गदर्शन में जिले के तीनों ब्लॉकों में जल संरक्षण को लेकर जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान लोगों ने जल परिसर के समक्ष उपस्थित होकर संकल्प लिया कि वे जल को सुरक्षित रखेंगे और उसका सही उपयोग करेंगे। ग्राम पंचायत बेलबहारा में सरपंच, सचिव, बिहान स्वयं सहायता समूह और पंचायत के अन्य सदस्य उपस्थित रहे। सभी ने एक साथ जल संरक्षण की शपथ लेकर पानी बचाने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जाहिर की। इसी तरह चनवारीडांड़ में जल जीवन अभियान के तहत नागपुर से नवा बिहान महिला आजीविका संकुल संगठन घुटता से उज्जवल बिहान महिला आजीविका संकुल संगठन और सोनहा बिहान महिला आजीविका संकुल संगठन की दीदियों ने जल परिसर के समक्ष उपस्थित होकर जल संरक्षण का संकल्प लिया। वहीं जिले के विभिन्न ग्राम पंचायतों में भी विश्व जल दिवस मनाया गया। ग्राम पंचायत केवटी, डिहुली, कोटाडोल, चैनपुर, पिपरिया, महाराजपुर, लाई, सिरौली, तोजा, कमर्जी, बंजी, सगरा, मोहनटोला, अक्तवार, हरफरा, जामथान, चिडोला, चुटकी, बरौता, माड़ीसरई, डोंगरी, बहेराटोला, उचेहरा, धनपुर और खांडाखोह सहित कई गांव में सरपंच-सचिवों ने जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए। इन कार्यक्रमों में ग्रामीणों ने जल संरक्षण की महत्ता को समझते हुए अपनी भागीदारी सुनिश्चित की। इस अवसर पर जल संरक्षण को लेकर बढ़ती जागरूकता साफ दिखी। प्रशासन, पंचायत प्रतिनिधियों, स्वयं सहायता समूहों और ग्रामीणों के सामूहिक प्रयासों से जिले में जल संरक्षण अभियान को मजबूती मिली। यह पहल आने वाले समय में जल संकट से निपटने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

## नशामुक्ति जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**बैकुण्ठपुर।** कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी के निर्देशानुसार एवं समाज कल्याण विभाग के तत्वावधान में संस्था ग्राम विकास समिति द्वारा नशामुक्ति जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य नशे से होने वाले दुष्प्रभावों के प्रति जागरूकता बढ़ाना और नशामुक्त समाज की दिशा में लोगों को प्रेरित करना रहा।

कार्यक्रम में संस्था प्रभारी ने शारीरिक, मानसिक, सामाजिक और आर्थिक हानियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नशा न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाता है, बल्कि उसके परिवार और समाज पर भी नकारात्मक प्रभाव डालता है। उन्होंने उपस्थित लोगों से अपील की कि वे नशे से दूर रहे और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें। कार्यक्रम के दौरान यह जानकारी दी गई कि जिले में नशामुक्ति केन्द्र संचालित किया जा रहा है, जहां नशे के आदी व्यक्तियों को निःशुल्क उपचार एवं परामर्श सेवाएं प्रदान की जाती हैं। इस केन्द्र में विशेषज्ञों द्वारा नशे की लत से छुटकारा पाने के लिए सहायता दी जाती है। इस जागरूकता कार्यक्रम में कॉलरी के श्रमिकों, ग्रामवासियों एवं संस्था के कर्मचारियों ने भाग लिया। सभी ने नशे के खिलाफ जनसहभागिता बढ़ाने और इसे छोड़ने के लिए दूसरों को प्रेरित करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के अंत में सभी को यह संदेश दिया गया कि नशे से बचाव केवल व्यक्तिगत नहीं, बल्कि सामाजिक जिम्मेदारी भी है। सभी नागरिकों को नशामुक्त समाज के निर्माण में अपना योगदान देना चाहिए।



---

### 30 मार्च से आरंभ, समापन 6 अप्रैल को, 8 दिनों की होगी नवरात्रि

# देवी मंदिरों की साफ-सफाई, रंग-रोगन व सजावट का कार्य शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर



चैत्र नवरात्र को लेकर देवी मंदिरों में आवश्यक तैयारियां शुरू हो गई है। मंदिर समितियों के द्वारा बैठक कर आगामी दिनों में शुरू होने वाले चैत्र नवरात्र को लेकर विभिन्न तरह की तैयारियां शुरू कर दी है।

उल्लेखनीय है कि इस वर्ष चैत्र नवरात्र आगामी 30 मार्च से शुरू हो रही है, इसके लिए अब केवल एक सप्ताह का ही समय शेष बचा है, इसे देखते हुए चनवारीडांड़ सहित विभिन्न देवी मंदिरों की साफ-सफाई, रंग-रोगन, सजावट का कार्य शुरू हो गया है। जानकारी के अनुसार इस वर्ष चैत्र नवरात्र की शुरूआत 30 मार्च से हो रही है और समापन 6 अप्रैल को होगी। इस बार चतुर्थी एवं पंचमी तिथि एक ही दिन पड़ने के कारण चैत्र नवरात्र नौ दिनों का नहीं बल्कि आठ दिनों का ही होगा। पंडितों के अनुसार इस बार माता हाथी पर सवार होकर आएगी और प्रस्थान भी हाथी पर सवार होकर होगा। माता का हाथी पर सवार होकर आना समृद्धि एवं खुशहाली का परिचायक माना जाता है। नवरात्र के पहले दिन घट स्थापना शुभ मुहूर्त में होगा और इसके बाद प्रतिदिन माता के विभिन्न रूपों का विधि-विधान के साथ की जाएगी। चैत्र नवरात्र के घट स्थापना के साथ ही हिन्दू नववर्ष की शुरूआत होगी, इसके कारण श्रद्धालुओं में भारी उत्साह भरा रहता है।

बहरहाल चैत्र नवरात्र को लेकर कोरिया एमसीबी के विभिन्न देवी मंदिरों में आवश्यक तैयारियां शुरू हो गई, जहां नवरात्र के दौरान श्रद्धालुओं की भीड़ देवी मंदिरों में माता के दर्शन एवं पूजा-अर्चना के लिए प्रतिदिन उमड़ती है। आस्था केन्द्रों के माता के जसगीत गुंजते रहते हैं, । जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो जाता है

#### गांव-गांव में बोया जाता है ज्वारा

चैत्र नवरात्र को लेकर भक्तों में उत्साह रहता है। इस प्रमुख पर्व पर गांव-गांव में श्रद्धालुओं के द्वारा ज्वारा बोया जाता है। ग्रामीण अपने गांव के देवल्ला में ज्वारा बोते हैं ओर सामूहिक रूप से प्रतिदिन पूजा-अर्चना करते हैं, इसके अलावा कुछ श्रद्धालुओं द्वारा अपने घर में भी ज्वारा बोते हैं तथा पूरे नौ दिनों तक विधि-विधान के साथ माता का विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना करते हैं और अंतिम दिन ज्वारा विसर्जन की झांकी भक्ति भाव के साथ निकाली जाती है, जिसका

#### देवी मंदिरों के सजावट एवं सफाई कार्य शुरू

चैत्र नवरात्र को देखते हुए कोरिया एमसीबी के विभिन्न देवी मंदिरों में साफ -सफाई के साथ सजावट का कार्य शुरू हो गया है। देवी मंदिरों एवं आस्था केन्द्रों में आकर्षक लाईटिंग व्यवस्था के साथ फूलों से मंदिर का श्रृंगार किया जाता है।

#### प्रज्जवलित होंगे मनोकामना दीप

एमसीबी जिले के प्रमुख देवी मंदिर ब्लाक मुख्यालय खड़गवां के निकट चनवारीडॉड़ में स्थित मां महामाया मंदिर में भी चैत्र नवरात्र की तैयारियां शुरू हो गई है, यहां नवरात्र के दौरान हजारों की संख्या में मनोकामना दीप प्रतिवर्ष् रप्रज्जवलित किए जाते हैं, इसके लिए तैयारियां जोर-शोर से चल रही है।

### स्ट्रीट लाइट का खंभा लगाते करंट की चपेट में आए 5 मजदूर

**अकलतरा।** नगर पालिका के स्ट्रीट लाइट के लिए खंभा लगाने का कार्य कर रहे पांच मजदूर 132 केवी लाइन के संपर्क में आ गए। इस दौरान मजदूर गंभीर रूप से झुलस गए। मजदूरों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाने पर उन्हें सिम्स बिलासपुर के लिए रेफर कर दिया गया है। घटना के संबंध में यह जानकारी मिली कि नगर पालिका के द्वारा बालाजी ट्रेडर्स से मिनीमाता चौक तक स्ट्रीट लाइट के लिए बिजली खंभा लगाए जाने का कार्य कराया जा रहा है। शनिवार 22 मार्च की शाम 5 बजे महाराणा प्रताप चौक के पास मजदूर खंभा लगाने का काम कर रहे थे। इसी दौरान खंभा 132 केवी लाइन के संपर्क में आ गया और कार्य कर रहे मजदूर संतोष, लाला, छोटे, नकुल एवं योगेश इसकी चपेट में आ गए जिससे उनका शरीर झुलस गया। घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया।

## खबर संक्षेप

### चेम्बर ऑफ कामर्स के अशोक प्रदेश उपाध्यक्ष रौनक प्रदेश मंत्री निर्विरोध चुने गए

**बिश्रामपुर।** छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कामर्स के चुनाव में सूरजपुर जिले को पहली बार प्रदेश उपाध्यक्ष व प्रदेश मंत्री का पद मिला, इस पर स्थानीय व्यापारियों ने आम सहमति बनाते हुए जय व्यापार पैनल के प्रत्याशियों के रूप में अशोक अग्रवाल शोक्की बिश्रामपुर को प्रदेश उपाध्यक्ष तथा रौनक जैन सूरजपुर को प्रदेश मंत्री के पद पर निर्विरोध जीत मिली है। छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कामर्स के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अमर परवानी तथा पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष राजेन्द्र जग्गी की अगुवाई में प्रदेश के अलग-अलग जिलों से नामांकन दाखिल किए गए थे। इसमें सरगुजा संभाग से इस बार सूरजपुर जिले को भी अपेक्षित सदस्य संख्या के कारण अलग से निर्वाचन के लिए दोनों पद प्राप्त हुए। इसके पूर्व सरगुजा जिले में ही सूरजपुर शामिल था। रायपुर में गत दिनों 20 मार्च को दाखिल हुए नामांकन के उपरांत दोनों ही पदों पर निर्विरोध निर्वाचन होने से जिले में पहली बार मिले प्रदेश के पदों पर आम सहमति बनी और निर्वाचन तय हुआ। नवनिर्वाचित प्रदेश उपाध्यक्ष अशोक अग्रवाल शोक्की व मंत्री रौनक जैन ने कहा कि व्यापारी हितों के लिए सदैव अग्रणी जय व्यापार पैनल और चेम्बर ऑफ कामर्स व्यापार प्रथम के साथ विश्वास और संकल्प के बीच व्यापारिक हितों में लगातार कार्य कर रहा है।अब जिले में भी व्यापार जगत को लेकर चेम्बर के माध्यम से व्यापारियों के हितों के संवर्धन के लिए चेम्बर सदैव अग्रणी रहेगा। इस दौरान दोनों प्रत्याशियों की जीत पर चेम्बर ऑफ कामर्स के वरिष्ठ सदस्य सुभाष गोयल, खजान जिंदल, अमृतलाल अग्रवाल, जय भगवान अग्रवाल, ललित गोयल, रितेश जायसवाल, सुनील अग्रवाल, अंकुर गर्ग, प्रकाश शर्मा, हनुमान सिंह राही, रोमी माखिजा व अन्य व्यापारिक सदस्यों ने दोनों पदाधिकारियों को बधाई दी है।




### साई बाबा स्कूल में हेल्थ एंड वेलनेस विषय पर दो दिवसीय प्रशिक्षण प्रारंभ



**अम्बिकापुर।** श्री साई बाबा डे बोर्डिंग स्कूल में सीबीएसई द्वारा प्रायोजित दो दिवसीय कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम में स्कूल हेल्थ एंड वेलनेस विषय पर आयोजित कार्यक्रम के उद्घाटन के दौरान एलंस पब्लिक स्कूल की प्राचार्य नीतू सिंह ने कहा कि हम शिक्षकों से संवाद करेंगे जिससे उनके विद्यार्थियों के मानसिक, शारीरिक स्वास्थ्य बेहतर हो। मानसिक स्वास्थ्य श्रेष्ठ होने की स्थिति में परिसर का परिवेश अच्छा होगा। दो दिनों के सत्रों में प्रत्येक शिक्षक की भागीदारी आवश्यक है। काउंसलर विशाल पाण्डेय ने कहा कि पिता, अभिभावक और बच्चों की दुनिया एवं दोनों का नजरिया अलग-अलग है। वर्तमान में शिक्षक, अभिभावक को बच्चे के नजरिये से देखना होगा। अपने विद्यार्थी जीवन के चुनौती और वर्तमान विद्यार्थी की चुनौती अलग-अलग है। अभिभावक और शिक्षक को विद्यार्थी की गुणवत्ता पर ध्यान देना होगा। विद्यार्थी जिन चुनौतियों के बीच से गुजर रहा है, उसके समाधान में सहयोगी बनना है। विद्यार्थी यदि किसी गलत लत की ओर जा रहा है तो उसकी काउंसलिंग कर निस्तारण करना होगा। इस दौरान डॉ.दिनेश शाक्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन विनीता कच्छप ने किया।

### नहर निर्माण में अनियमितता का आरोप



**प्रतापपुर।** ग्रामीणों ने ग्राम पंचायत सेमरा खुर्द अंतर्गत ग्राम आमापारा में करोड़ों की लागत से चल रहे नगर निर्माण में अनियमितता एवं गुणवत्ताहीन नगर निर्माण करने का आरोप लगाया है। ग्रामीणों ने बताया कि जल संसाधन विभाग द्वारा ग्राम आमापारा में नहर का निर्माण कराया जा रहा है। नहर निर्माण में गुणवत्ताहीन निर्माण सामग्री का उपयोग किया जा रहा है। जिससे लम्बे समय तक नहर का लाभ नहीं मिल सकेगा तथा नहर कुछ समय में ही क्षतिग्रस्त हो जाएगा। ठेकेदार स्वयं नहर का निर्माण न कर पेटी कांट्रेक्टर से करा रहा है। पेटी कांट्रेक्टर कमाई के लिए निर्माण के नाम पर खानापूर्ति कर रहा है तथा एस्टीमेट के विपरीत गुणवत्ताहीन सामग्री का उपयोग कर रहा है ग्रामीणों ने बताया कि गुणवत्ताहीन निर्माण का विरोध करने पर ठेकेदार उन्हें काम से निकाल देता है। इस संबंध में जल संसाधन विभाग के कार्यपालन यंत्री एसबी धुर्वे ने बताया कि जांच दल गठित कर निर्माण की जांच कराई जाएगी तथा गुणवत्ताहीन निर्माण पाए जाने पर ठेकेदार के विरूद्ध कार्रवाई की जाएगी।

## पूर्व डिप्टी सीएम सिंहदेव ने वर्चुअल रूप से किया संबोधित

# नव नियुक्त जिला कांग्रेस अध्यक्ष ने किया पदभार ग्रहण

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बात**
- कहा-संगठन को देंगे मजबूती

कांग्रेस के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष बालकृष्ण पाठक ने रविवार को जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय राजीव भवन में पदभार ग्रहण कर लिया है। आखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की सचिव एवं छत्तीसगढ़ की सहप्रभारी श्रीमती जरीता लैतफलांग की उपस्थिति में उन्होंने निवर्तमान अध्यक्ष राकेश गुप्ता से सरगुजा कांग्रेस जिलाध्यक्ष का पदभार ग्रहण किया। इस दौरान राजीव भवन में बडी संख्या में कांग्रेस के पदाधिकारी, कार्यकर्ता, स्थानीय निर्वाचन से जुडे नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधी भी मौजूद थे। पदभार ग्रहण के दौरान आयोजित सभा को संबोधित करते हुए श्री बालकृष्ण पाठक ने कहा कि जिन राजनीतिक परिस्थितियों में मुझ पर राष्ट्रीय नेतृत्व और महाराज साहब ने मुझ पर भरोसा किया है उस पर मुझे हर हाल में खरा उतरना है।

इस अवसर पर उन्होंने स्व. राजमाता श्रीमती देवेन्द्र कुमारी सिंहदेव के कहे वाक्यों का स्मरण करते हुए कहा कि वे कहती थी कि कांग्रेस की विचारधारा के लिये समर्पित व्यक्ति अंतिम समय तक, पूर्ण ऊर्जा के साथ अपने खून की आखिरी बूंद के साथ पार्टी के लिए संघर्ष करता है, मै वही व्यक्ति हूँ। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और इसके संगठन की मजबूती देने के लिए जिला स्तर पर संगठन को मजबूती देना होगा। इसके लिए जिला स्तर एवं ब्लॉक स्तर का संगठन अपने जमीनी कार्यकर्ताओं के साथ उनके पूरे सम्मान के साथ पूरे ताकत से खडी होगी। इस दौरान सभा को पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव ने भी मोबाइल से संबोधित किया। अपने संबोधन में उन्होंने नवनियुक्त जिलाध्यक्ष को बधाई देने के साथ ही निवर्तमान जिला अध्यक्ष राकेश गुप्ता को उनके कार्यकाल में पार्टी के लिये किये गये अमूल्य योगदान के लिये सराहा। बालकृष्ण पाठक के अनुभव का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि नवनियुक्त जिलाध्यक्ष सरगुजा कांग्रेस से तब से जुड़े हुए हैं जबकि वे स्वयं भी राजनीति में नहीं थे। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि अम्बिकापुर नगर निगम के चुनाव हम भले ही हार गये हैं, लेकिन यहां के मतदान के परिणाम लोकसभा चुनाव से बेहतर हैं। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की सचिव श्रीमती जरीता लैतफलांग ने कहा कि नवनियुक्त जिलाध्यक्ष बेहद अनुभवी हैं। आपको भले ही विषम परिस्थितियों में जिलाध्यक्ष का प्रभार मिला है लेकिन आपके अनुभव के सामने मै इन विषम परिस्थितियों को चुनौती नहीं मानती हूं। निश्चय ही आपके नेतृत्व में सरगुजा में कांग्रेस पुनः सफल होगी। उन्होंने कहा कि हाल ही में हुए बेलगांवी सम्मेलन में पार्टी ने यह तय किया है कि पार्टी के आंतरिक अनुशासन का कठोरता से पालन किया जाएगा। पार्टी मंच से बाहर अपने विचार साझा करने पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आवाहन किया कि वे पूरे ताकत के साथ पार्टी को अपना 100 प्रतिशत योगदान दें। आपके योगदान से पार्टी पुनः संभाग की 14 सीटों पर जीत हासिल कर लेगी। निगम में नेता प्रतिपक्ष शफी अहमद ने कहा कि बालकृष्ण पाठक के जैसे अनुभवी और वरिष्ठ नेता के नेतृत्व में पूरे संगठन को तराशा जायेगा। जमीनी कार्यकर्ताओं का विशेष ध्यान रखने के साथ ही उन कमजोर क्षेत्रों में भी सामूहिक मेहनत किया जायेगा जहां से वांछित सफलता नहीं मिल रही है। उनके भाषण के दौरान नवनियुक्त जिलाध्यक्ष ने उन्हें नेता प्रतिपक्ष का एक कार्यालय जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय राजीव भवन में खोलने का सुझाव दिया जिसे उन्होंने स्वीकार कर लिया। उन्होंने कहा कि विपक्ष का कर्तव्य है कि वो आमजन के फरियाद को शासन प्रशासन तक पहुंचाएं। हम पूरी लगन के साथ यह काम करेंगे। उन्होंने कहा कि जिला कांग्रेस कमेटी का कार्यालय राजीव भवन सिर्फ कांग्रेस के राजनीतिक गतिविधियों का केंद्र नहीं रहेगा। अब हम यहां से आमजन को सेवा और सहयोग भी उपलब्ध करायेंगे। उन्होंने कहा कि आदरणीय महाराज साहब के नेतृत्व में कांग्रेस एक बार फिर सरगुजा संभाग की 14 सीटों को जीतकर प्रदेश में सरकार बनायेगी। निवर्तमान जिला कांग्रेस अध्यक्ष राकेश गुप्ता ने अपने कार्यकाल में पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के सहयोग के साथ पूर्व उपमुख्यमंत्री के आशीष के लिये सभी का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि नवनियुक्त अध्यक्ष के नेतृत्व में पार्टी जैसा आदेश देगी उस अनुसार पूर्व की भांति ही पार्टी में अपना योगदान करता रहूंगा। पीसीसी उपाध्यक्ष जेपी श्रीवास्तव ने निवर्तमान अध्यक्ष राकेश गुप्ता को उनके कार्यकाल में दिए योगदान की प्रशंसा की एवं नवनियुक्त अध्यक्ष बालकृष्ण पाठक के प्रति विश्वास जताया कि वे पुनः सरगुजा में कांग्रेस का परचम लहरायेंगे। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अम्बिकापुर शहर के अध्यक्ष हेमंत सिन्हा ने कहा कि अम्बिकापुर शहर में कांग्रेस भाजपा से मात्र 3500 वोटों से पीछे रह गई है। शहर के मतदाता का रुझान बदल रहा है। भाजपा संयोगवश जीत गई है। अगले चुनाव में हम भाजपा को बुरी तरह पछाडने वाले हैं। इस दौरान पवेज आलम गांधी, दीपक मिश्रा व अन्य उपस्थित थे।



नवनियुक्त कांग्रेस जिलाध्यक्ष का स्वागत करते कांग्रेस पदाधिकारी व कार्यकर्ता।

### स्थानीय निर्वाचन में जीते हुए जनप्रतिनिधियों का अभिनंदन

आज आयोजित सभा में सरगुजा जिले में हाल ही में संपन्न हुए नगरीय एवं पंचायती चुनाव में विजयी हुए कांग्रेस प्रत्याशियों एवं कांग्रेस समर्थक प्रत्याशियों का अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की सचिव श्रीमती जरीता लैतफलांग के नेतृत्व में अभिनंदन हुआ। नगरीय चुनाव में कांग्रेस ने अंबिकापुर नगर निगम में 16 पार्षद, नगर पंचायत सीतापुर में अध्यक्ष एवं 4 पार्षद विजयी हुए। वहीं कांग्रेस समर्थित जिला पंचायत के 5 सदस्य जीते और जनपद पंचायत अंबिकापुर एवं उदयपुर में कांग्रेस ने अपनी बॉडी बनाई। सरगुजा जिले के लगभग 67 प्रतिशत पंचायतों में कांग्रेस समर्थित सरपंच चुने गये हैं। आज आयोजित सभा में इन सभी विजयी जनप्रतिनिधियों को हार पहनाकर और गुलदस्ता देकर सम्मानित किया गया। उन्हें संबोधित करते हुए श्रीमती जरीता लैतफलांग ने कहा कि धनबल और दबावपूर्ण तरीके से भाजपा भले जीत गई लेकिन वास्तविक जनसमर्थन कांग्रेस के पक्ष में हैं। ये परिणाम हमारे लिए उत्साहवर्धक हैं न कि हतोत्साहित करने वाले।

### बलिदानी दिवस पर भगत सिंह, सुखदेव, राजगुरु को श्रद्धांजली

आज ही के दिन 23 मार्च 1931 को महान स्वतंत्रता सेनानी एवं क्रांतिकारी अमर शहीद भगत सिंह, सुखदेव एवं राजगुरु को औपनिवेशिक शासन ने फांसी दी थी। आज उनके बलिदानी दिवस पर जिला कांग्रेस कमेटी राजीव भवन में उनके तस्वीर पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि देकर उन्हें श्रद्धांजली दी गई। जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय में कार्यक्रम की शुरुआत में 2 मिनट का मौन रखकर भारत के इन महान सपूतों को श्रद्धांजलि दी गई।



### मेडिटेशन व्यक्ति की छिपी ऊर्जा को जागृत कर देता है मानसिक संतुलन

**अम्बिकापुर।** केआर टेक्निकल कॉलेज में कराया गया प्रेक्षा ध्यान साधना केआर टेक्निकल कॉलेज में आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के तत्वाधान में प्रेक्षा फाउंडेशन एवं प्रेक्षा ध्यान साधना का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में ध्यान साधना के महत्व, मानसिक स्वास्थ्य और आत्म प्रबंधन की प्रभावी तकनीकों पर चर्चा की गई। प्राचार्य डॉ.रितेश वर्मा ने कहा कि वर्तमान युग में शिक्षा केवल बौद्धिक विकास तक सीमित नहीं रहनी चाहिए, बल्कि मानसिक और भावनात्मक संतुलन की ओर भी अग्रसर होनी चाहिए। आत्म-जागरूकता और ध्यान के अभ्यास से व्यक्ति अपनी ऊर्जा को सकारात्मक दिशा में केंद्रित कर सकता है। मुख्य वक्ता एवं प्रेक्षा ध्यान प्रशिक्षक मोहनलाल बोथरा ने कहा कि आज के समय में केवल बौद्धिक और तार्किक विकास हो रहा है, लेकिन मानसिक और भावनात्मक उन्नति अवरूद्ध हो गई है। जब तक भावों का शुद्धिकरण नहीं होगा, तब तक आचरण शुद्ध नहीं हो सकता। शिक्षा प्रणाली में शारीरिक और बौद्धिक विकास पर अधिक ध्यान दिया जा रहा है, लेकिन मानसिक और भावनात्मक संतुलन पर अपेक्षाकृत कम जोर दिया जाता है। ध्यान व्यक्ति को आत्म अवलोकन और मानसिक अनुशासन की दिशा में अग्रसर करता है, जिससे वह अपने व्यक्तित्व को निखार सकता है। उन्होंने बॉक्स ब्रीदिंग और कायोत्सर्ग के माध्यम से छात्रों को अपने श्वास को समझने और उसे केंद्रित करना सिखाया। निर्मला बोथरा ने कहा कि मेडिटेशन एक ब्रह्मास्त्र है, जो व्यक्ति के भीतर छिपी ऊर्जा को जागृत कर उसे मानसिक संतुलन प्रदान करता है। उन्होंने ध्यान के विभिन्न रूपों से परिचित कराया और उनके प्रभावों पर विस्तृत चर्चा की। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में शिक्षक, शोधार्थी एवं विद्यार्थियों ने ध्यान साधना को आत्मसात किया और इसे अपने जीवन में अपनाने का संकल्प लिया।

## विज्ञान तकनीकी एवं प्रबंधन विषय पर हुई अंतर्राष्ट्रीय कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

उमा विन्ध्यवासिनी संस्कार महाविद्यालय के भौतिक विभाग द्वारा विज्ञान तकनीक एवं प्रबंधन विषय पर अंतर्राष्ट्रीय कांफ्रेंस का आयोजन एसजीजीयू के कुलसचिव डॉ.एसपी त्रिपाठी, प्राचार्य डॉ आशीष तिवारी के आतिथ्य एवं यूटीडी के विभागाध्यक्ष डॉ.धीरज कुमार यादव की अध्यक्षता में किया गया।

कार्यक्रम में डॉ.त्रिपाठी ने कहा कि विज्ञान तकनीकी के सही प्रबंधन से ही भारत विकसित राष्ट्र की तरफ उन्मुख हो सकता है। भारत की आत्मा गांव में निवास करती है इसलिए विज्ञान तकनीकी का सही उपयोग ग्रामीण जनजीवन शैली, कृषि उत्पादकता एवं वन आधारित क्षेत्र तथा जनजातीय विकास से भारत 2043 में विकसित राष्ट्र बन सकता है। डॉ.धीरज कुमार यादव ने कहा कि भारत एक सनातन देश है जहां पर जल जीवन एवं जंगल का विकास, सही तकनीक का उपयोग कर किया जाए तो भारत तेजी से विकास की ओर अग्रसर हो सकता है। उन्होंने औषधीय पौधों पर आधारित कृषि प्रणाली तथा दूर संवेदी तकनीक पर आधारित ग्रामीण परिकल्पना पर जोर दिया। डॉ.एसके श्रीवास्तव ने कहा कि छोटे-छोटे तकनीकी, कृषि पर आधारित प्रणाली, पदार्थ विज्ञान, नैनों तकनीकी, सिरेमिक तकनीकी तथा क्वांटम डिवाइस का उपयोग कर तकनीकी का सही इस्तेमाल किया जा सकता है। भारत हमेशा तकनीकी के क्षेत्र में अग्रसर रहा है। डॉ.आशीष तिवारी ने कहा कि जहां आज विश्व में खाद्य प्रणाली रासायनिक पदार्थों के उपयोग से दूषित हो रहा है वहीं स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव डाल रही है। नवीनतम तकनीकी का प्रयोग कर रासायनिक प्रभाव को कम किया जा सकता है। डॉ.एचडी महार ने कहा कि सनातन और प्राकृतिक एक दूसरे के पूरक हैं एक दूसरे के बिना दोनों अधूरे हैं। कांफ्रेंस में ऑनलाइन मोड से डॉ.एके त्रिपाठी, इजरायल डॉ.शाहीन परवीन, डॉ.डीसी गुप्ता कनाडा, डॉ.धीरज सिंह चौहान सऊदी अरब से व्याख्यान दिया। कांफ्रेंस में 100 से अधिक शोध पत्र मिले जिनमें 45 से अधिक पत्र प्रदर्शित हुए। संगोष्ठी का समापन प्राचार्य डॉ.आरएन खरे, डॉ.रितेश वर्मा, डॉ.पीसी यादव, डॉ.एके तिवारी की उपस्थिति में किया गया।

### स्वास्थ्य शिविर में 50 ग्रामीणों का किया गया निःशुल्क उपचार

**सलका अधिना।** सरपंच, उप सरपंच, संजीवनी हॉस्पिटल अंबिकापुर और लक्ष्मी डायग्नोस्टिक सेंटर सूरजपुर के संयुक्त प्रयासों से ग्राम पंचायत केवटाली में निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित किया गया। सरपंच आशा सोनपाकर व उपसरपंच अनुराग सिंहदेव ने बताया कि शिविर में उपस्थित ग्रामीणों का विशेषज्ञ चिकित्सकों ने नेत्र परीक्षण, बीपी शुगर और मौसमी बीमारी का इलाज किया। शिविर में कुल 56 लोगों का उपचार किया गया। उपसरपंच अनुराग सिंहदेव ने ऐसी लाभकारी प्रयास हमेंशा करते रहने की बात कही संजीवनी हॉस्पिटल से अजय गुप्ता के नेतृत्व में ग्रामीणों का निःशुल्क इलाज किया गया।



तेज डायग्नोस्टिक/ब्लड बैंक (सेंटर)
माता राजरानी मेमोरियल MRM हॉस्पिटल
बाबूपारा, जोड़ा तालाब के सामने अम्बिकापुर में परामर्श हेतु प्रतिदिन उपलब्ध विशेषज्ञ
डॉ. मोहित गुप्ता — MD (Medicine), मधुमेह एवं हृदय रोग विशेषज्ञ सामान्य एवं जटील रोग विशेषज्ञ
डॉ. हेमन्त कुमार बी — MBBS, DCH, DNB शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ किम्स हॉस्पिटल, आंध्रप्रदेश
डॉ. पूजा — स्त्री प्रसूति एवं बांझपन रोग विशेषज्ञ
डॉ. सोनल गार्डिया — MBBS, MS (General Surgeon) जनरल एवं लैप्रोस्कोपी सर्जन
डॉ. चन्द्रशेखर उपाध्याय — MBBS, DNB Ortho हड्डी रोग विशेषज्ञ
डॉ. मनोज भारती — MBBS, MS, हाइड्रोसील, बवासीर, हार्निया, फिस्टुला स्तन की गांठ
डॉ. आशीष कुमार जायसवाल — एम. डी. फिजीशियन
डॉ. ओम प्रकाश पंडित — MBBS, DNB Ortho (Lilavati Hospital Mumbai) हड्डी रोग विशेषज्ञ
मनोचिकित्सक एवं यौन रोग विशेषज्ञ
सौंदर्य बालों एवं चर्म रोग के विशेषज्ञ
डॉ. सुरभि — BDS, MDS (Oral Medicine & Radiology) दंत एवं मुख विशेषज्ञ
डॉ. हिमांशु गुप्ता — MD ONCO कैंसर रोग विशेषज्ञ
डॉ. विकास गुप्ता — MBBS, D-Ortho अस्थि रोग विशेषज्ञ
डॉ. जी के दामले — MS, ENT, नाक कान गला रोगों के वरिष्ठ अनुभवी विशेषज्ञ
डॉ. संदीप गुप्ता — MBBS, DCH मुंबई, शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ भूतपूर्व चिकित्सक वाडिया चाईल्ड हॉस्पिटल मुंबई
डॉ. प्रवीन कुमार सिंह — MBBS, MS, हाइड्रोसील, बवासीर हार्निया, फिस्टुला स्तन की गांठ
आडियोलॉजिस्ट & स्पीच थैरेपिस्ट
फिजियोथैरेपी एवं नैचुरोपैथी
अग्रिम पंजीयन हेतु संपर्क करें 07774-222555, 9425583780, 9826183780, 8224007799, 8718003300, 6262639090
आयुष्मान योजना द्वारा भर्ती, सर्जरी, उपचार एवं जाँच की सुविधा उपलब्ध

TOP IN SURGUJA

श्वास, छाती एवं टी.बी. रोग विशेषज्ञ
डॉ. कमल नारायण गुप्ता
MBBS (Pune), DTCD (Kolkata)
Chest Physician
GOLD MEDALIST
गायत्री हॉस्पिटल
MULTISPECIALTY HOSPITAL — CREATING HEALTHY TOMORROW
बनारस रोड, पी.जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
9424250281 | 8120906000 | 8120809000
अपने फेफड़ों की जांच कराएं और आज ही अपने डॉक्टर की सलाह लें!
समस्त श्वास संबंधित रोगों का निदान जैसे -
- जटिल अस्थमा (दमा)
- टी.बी./क्षय रोग / MDR-TB
- गले व छाती में कफ संबंधित समस्या
- बैठे- बैठे चलने पर सांस फूलना
- छाती में भारीपन और सांस फूलना
- छाती में पानी भर जाना, हवा लीक होना
- छाती में गठान, फेफड़ों के कैंसर की समस्या
- खांसी, जुकाम एवं एलर्जी
- बच्चों में आने वाली बार-बार खांसी
- खांसी में खून आना

सरगुजा मार्केट

संभाग के एकमात्र डाइबिटीज थाइरायड इंडोक्रिनोलॉजिस्ट अब अम्बिकापुर में
डॉ. संजीत जायसवाल
MD, DM (Endocrinologist)
डाइबिटीज, थाइराइड, मोटापा, माहवारी में समस्या, नपुंसकता, निःसंतानता, हाई बीपी, कोलेस्ट्राल की समस्या, हड्डियों की कमजोरी एवं टेढ़ापन, छोटे कद की समस्या के लिये परामर्श हेतु उपलब्ध
दिनांक - 6 अप्रैल 2025, रविवार
नोट :- डॉ प्रत्येक माह के पहले रविवार को उपलब्ध रहेंगे।
संपर्क- विद्या डायग्नोस्टिक एण्ड सुपर स्पेशलिटी सेंटर पारस हाइट्स गेहूं बाड़ी, सी.एम.ओ. ऑफिस के बगल में दर्रीपारा, अम्बिकापुर
अग्रिम पंजीयन के लिए 7587722255 पर सम्पर्क करें।

लेजर मशीन द्वारा
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिसचुला (भगंदर), फिशर्स, पाइलोनाईडल सायनस एवं वेरिकोज वेन्स ऑपरेशन की सुविधा शुरू
लेजर के फायदे
- ऑपरेशन के पश्चात कम से कम तकलीफ
- रक्तचाप व दर्द कम एवं कम समय में ही अस्पताल से छुट्टी
- फिर से होने की संभावना सबसे कम
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
डॉ. फिरदौसी हॉस्पिटल
भारत माता चौक रायगढ़ रोड खरसिया नाका, अम्बिकापुर जिला-सरगुजा
मो.- 7869900888 (O.P.D.), 8225888500 (Hospital), 7240802000

गुप्त रोग का 100% शर्तिया ईलाज
गुप्त रोग, नामर्दी, नपुंसकता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिपलिस गनौरिया सभी प्रकार के गुप्त रोगों की आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया ईलाज किया जाता है।
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
बिना आपरेशन के अण्डकोष, बवासीर, भगंदर का गारंटी के साथ आयुर्वेदिक दवा द्वारा ईलाज
25 साल से स्थायी
संपर्क - विश्वास औषधालय
बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास अम्बिकापुर- मोबा. 7898942870
समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

सरगुजा के सर्वप्रथम स्पाईन एवं ब्रेन विशेषज्ञ
डॉ. अमित मुखर्जी
M.S.Mch Neuro Mumbai
श्री अमृतम सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल, रायपुर
लकवा, मिर्गी, झटका, सिरदर्द, पीठ, कमर, गर्दन दर्द, माइग्रेन, रीढ़ की हड्डी की चोट, सिर की चोट, हाथ-पैर की झुनझुनी एवं कमजोरी, टी.बी, ब्रेन एवं स्पाईन की बीमारी के उपचार के लिए
दिनांक - 23 मार्च 2025, दिन - रविवार
नोट- डॉक्टर चौथे रविवार को उपलब्ध रहेंगे
सम्पर्क विद्या डायग्नोस्टिक एण्ड सुपर स्पेशलिटी सेंटर
पारस हाइट्स गेहूंबाड़ी, सीएमओ ऑफिस के पास दर्रीपारा अम्बिकापुर, छ.ग. मो :- 7587722255

रायपुर के प्रसिद्ध रक्त रोग विशेषज्ञ आपके शहर अंबिकापुर में
डॉ. विकास गोयल
MD Med, DM Haematology
हिमेटोलॉजी एंड ब्लड कैंसर क्लीनिक
- खून की कमी, सफेद कोशिकाओं और प्लेटलेट्स की कमी
- सिकल सेल एनीमिया, थैलीसीमिया, आदि विकार
- सभी प्रकार के रक्त कैंसर (ल्यूकीमिया, लिम्फोमा, मायलोमा)
- बगल, जांघों में अथवा गर्दन में गांठ
- पेट में तिल्ली, लीवर में सूजन
एवं संबंधित अन्य रोग
दिनांक 23 मार्च 2025 दिन - रविवार
नोट- डॉक्टर चौथे रविवार को उपलब्ध रहेंगे
सम्पर्क विद्या डायग्नोस्टिक एण्ड सुपर स्पेशलिटी सेंटर
पारस हाइट्स गेहूंबाड़ी, सीएमओ ऑफिस के पास दर्रीपारा अम्बिकापुर, छ.ग. मो :- 7587722255

डॉ. शैल वर्मा
(एमबीबीएस, एमडी) मनोरोग विशेषज्ञ
दिनांक : 26 मार्च 2025
दिन - बुधवार
स्थान
वेलनेस होम फिजियोथेरेपी कायरोप्रैक्टिक ऑस्टियोपैथी क्लिलिक होटल खाना खजाना के सामने महामाया रोड अम्बिकापुर
कुंज बिहारी लाल एंड ब्रदर्स मेडिकल स्टोर
अपॉइंटमेंट के लिए संपर्क करें
महामाया चौक, अम्बिकापुर, मो. 8966944740, 8889058145

डॉ. ए.एफ. दानिश
बर्न, प्लास्टिक एवं कॉस्मेटिक सर्जन
आयुष्मान योजना द्वारा भर्ती, सर्जरी विशेषज्ञ
डॉ. फिरदौसी हॉस्पिटल में उपलब्ध रहेंगे
शनिवार, 22 मार्च 2025
24 घंटे आपातकालीन सेवाएं
: प्लास्टिक सर्जरी :
- सभी प्रकार के दाग का ईलाज (Scar Treatment)
- पुरूषों के बढ़े हुए स्तन (Gynaecomastia)
- झड़ते हुए बालों के लिए (PRP, Therapy/GFC Therapy)
- Liposcution (शरीर के बढ़ी चर्बी को मशीन से निकालना)
- जलने के बाद हाथ, पैर, चेहरे की सिकुड़न का ईलाज
- लम्बे समय तक ना ठीक होने वाले घाव का ईलाज
- Keloid का ईलाज, डायलिसिस के लिए फिस्चुलना
डॉ. फिरदौसी हॉस्पिटल
MULTI SPECIALITY SURGICAL HOSPITAL
खरसिया नाका अम्बिकापुर (जिला - सरगुजा)
7869900888 (O.P.D.) 8225888500 (Hospital), 7240802000

Wellness Home
AN ADVANCE PHYSIOTHERAPY CHIROPRACTIC OSTEOPATHY CLINIC
डॉ. श्रेया गुप्ता
BPT, FOMT (Australia), FNMT Certified Pilates, Cupping and Hijama Therapist
Certified Accupanturist and Dry Needling Therapist
Certified FDM Practitioner (1st in Ambikapur)
मैनूवल थेरेपी
न्यूरी थेरेपी एवं लकवा (चेहरा/शरीर), हड्डी एवं जोड़ों में दर्द (स्लीप डीस्क, फ्रोजन सोल्डर), गर्भावस्था में थेरेपी, ओल्ड ऐज संबंधित थेरेपी, बच्चों की थेरेपी (CP, एड़ी उठाकर चलना), आर्थराइटिस, मॉंसपेशियों का दर्द (साइटिका, कमर दर्द), सरवाईकल का दर्द
समय
सुबह 10 से 1 बजे तक
शाम 4 बजे से रात 8 बजे तक
श्रेया डिपार्टमेंट स्टोर के पीछे महामाया रोड, अम्बिकापुर

छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध एवं सीनियर
मूत्र रोग विशेषज्ञ
अग्रिम रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है
परामर्श एवं ऑपरेशन हेतु डॉ. फिरदौसी हॉस्पिटल में उपलब्ध रहेंगे
20 मार्च 2025 दिन गुरूवार
डॉ. राहुल कपूर (Laparoscopy urosurgeon)
दूरबीन पद्धति से मूत्र रोग बीमारियों की जाँच एवं ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध
- पथरी, प्रोस्टेट, पेशाब का ना होना।
- पेशाब में जलन।
- प्रोस्टेट बढ़ जाना।
- पेशाब बार-बार होना।
- किडनी, पेशाब थैली।
- पेशाब बूंद- बूंद पर होना।
- गुर्दे व पेशाब की नली में पथरी।
- पेशाब के रास्ते का छोटा होना।
- पेशाब की धार न बनना, इत्यादि।
- अण्डकोष प्रोस्टेट कैंसर
Dr FIRDOUSI HOSPITAL
MULTI SPECIALTY SURGICAL HOSPITAL
7869900888 (O.P.D.) 8225888500 (Hospital), 7240802000
खरसिया नाका अम्बिकापुर (जिला - सरगुजा)

डॉ. रोशन लाल वर्मा
MD (T.B & RESPIRATORY DISEASES)
दमा, टीवी, छाती एवं एलर्जी
किडनी के सुप्रसिद्ध विशेषज्ञ
डॉ. आर.के. साहू
MBBS, MD (MEDICINE)
DM (NEPHROLOGY) GOLD MEDALIST
दिनांक 23 मार्च 2025, रविवार
प्रकाश हास्पिटल
जिला अस्पताल रोड, रानी तालाब के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
अग्रिम पंजीयन हेतु संपर्क करें
मो. 9713667433, 9617247433

## खबर संक्षेप

### योग गुरू डॉ. सिंघल को दी गई श्रद्धांजलि



**रामानुजगंज।** योग गुरू डॉ.पवन सिंघल का रविवार को निधन होने पर योग एवं समाज सेवा से जुड़े लोगों ने उनके योगदान, नगर वासियों से उनके जुड़ाव एवं उनके नेतृत्व में संचालित गतिविधियों का स्मरण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। आरती बाजपेयी ने कहा कि उनके मार्गदर्शन में नगर में रक्तदान, पौधरोपण एवं स्वच्छता अभियान संचालित किया जा रहा था। ज्ञानेन्द्र वाजपेई ने कहा कि वे निरोगी जीवन के लिए सभी को नियमित योग प्राणायाम का अभ्यास करने के लिए प्रेरित करते थे। अरविंद दुबे, राजू गुप्ता ने कहा कि उन्हीं के मार्गदर्शन में राम मंदिर परिसर में योग कक्षा संचालित की जा रही थी। इस दौरान रामअवतार कश्यप, संतोष गुप्ता, आलोक गुप्ता, अमित जायसवाल, मुकेश केशरी आदि उपस्थित थे।

### स्टाइगर गोटी से जुआ खेला रहे दो गिरफ्तार

**रायगढ़।** पूंजीपथरा थाना पुलिस ने स्टाईगर गोटी से जुआ खेला रहे दो युवकों को सार्वजनिक स्थल से गिरफ्तार किया है। वहीं उनके खिलाफ अपराध दर्ज कर मामले को विवचेना में लिया है। दरअसल पुलिस को सूचना मिली कि तराईमाल स्थित एनआरबीएस प्लांट के पास स्टाईगर गोटी से जुआ खेलाया जा रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और दो लोगों को जुआ खेलाते रंगे हाथ धर दबोचा। पकड़ाए आरोपियों में मनीष चौहान (28) पिता स्व. कलेश्वर चौहान, निवासी जेलपारा, थाना जूटमील और दीपक कुमार (26) पिता स्व. राम सिंह सतनामी, निवासी जेलपारा, थाना जूटमील, जिला रायगढ़ शामिल हैं। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से तीन-तीन नग स्टाईगर गोटी, एक-एक गमछा, कुल 1,300 रुपए नगद और एक मोटरसाइकिल एसपी होंडा 125 सीसी (सीजी 13 बीडी 1803) कीमत करीब एक लाख रुपये की जब्त की है। थाना प्रभारी पूंजीपथरा ने क्षेत्र में जुआरियों पर कड़ी नजर रखने और दुबारा ऐसी गतिविधियों में लिप्त पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी है।

## पेज 1 के शेष...

### सीतापुर व कोतवाली क्षेत्र में...

हॉस्पिटल गली निवासी डीसीए की छात्रा सुमन भगत से लुचकी घाट के समीप स्कूटी क्रमांक सीजी 15 ईसी 4324 और मोबाइल फोन लूट लिया था। लुटे गए स्कूटी से शिवा घूमता है जबकि उन्होंने मोबाइल फोन को कांसाबेल के सरहापानी नदी में फेंक दिया था। पुलिस के अनुसार इस मामले में सोनू लकडा को पूर्व में कोतवाली पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया था जबकि एक अन्य आरोपी फरार है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी सीतापुर प्रदीप जायसवाल, उनि राजेन्द्र सिंह, प्रआर नंदकुमार प्रजापति, आरक्षक रूपेश महंत, सायबर सेल प्रभारी शिशिरकान्त सिंह, सउनि अजीत मिश्रा, प्रआर भोजराज पासवान, अशोक यादव, मनीष सिंह, विरेन्द्र पैकरा, लालदेव साय, रमेश राजवाड़े, जितेश साहू, स्पेशल टीम प्रभारी विवेक पाण्डेय, आरक्षक संजीव चौबे, सतेन्द्र दुबे, राहुल सिंह, अमित विश्वकर्मा, आनंद गुप्ता, थाना प्रभारी बतौली सीपी तिवारी, आरक्षक दीपक पाण्डेय, जोगी बड़ा सक्रिय रहे।

**जेल में हुई मुलाकात-** एएसपी श्री ढिल्लो ने बताया कि शिवा उर्फ डेविड पूर्व में चोरी के कई प्रकरणों में जशपुर और अंबिकापुर जेल में रहा है। जशपुर जेल में उसकी मुलाकात लखन उरांव और अन्य लोगों से हुई थी। इसी दौरान उन्होंने जेल से बाहर निकलने पर घूमने फिरने और पैसे कमाने की योजना बनाई थी। पुलिस के अनुसार आरोपी शिवा उर्फ़ डेविड एक्का कई आपराधिक प्रकरणों मे शामिल रहा हैं। आरोपी के विरुद्ध थाना सीतापुर, पत्थलगांव एवं बगीचा मे लूट चोरी के कई प्रकरण दर्ज है। इसी आरोपी लखन उरांव जशपुर के दोहरे हत्याकांड का आरोपी रहा है। आरोपी को पैसे लेकर कॉन्ट्रैक्ट किलिंग करने के मामले में जेल भेजा गया था।

**लूट के सामान के खरीददार भी गिरफ्तार-** आरोपियों ने पुलिस को बताया कि कुनमेरा में लुटे हुए मंगलसुत्र एवं पायल को कुनकुरी के तनिषा ज्वेलर्स के में बेचा गया है एवं मुसु व राधापुर के लुट में प्रयुक्त देसी पिस्टल व अल्टो कार में रखा गया है। कार व स्कूटी को उन्होंने छिपाकर घर में रखा है। इसके साथ ही पुलिस ने आरोपियों के बयान के आधार पर रांची के इटकी निवासी 46 वर्षीय व्यवसायी सुशील प्रसाद ताम्रकार आ. स्व. गंदुरा साव व जशपुर पुरानी बस्ती निवासी 46 वर्षीय राजेंद्र सोनी आ.सरजू सोनी को हिरासत में लेकर लूट के जेवर को बरामद किया है। पुलिस ने आरोपियों से कुल 71.66 ग्राम गला हुआ सोना, 195 ग्राम चांदी गला हुआ बरामद किया गया। खरीददार आरोपियों के विरुद्ध प्रकरण मे बीएनएस की धारा317(2) के तहत कार्रवाई की गई है।

## निधन

### डॉ.कुसुमलता विश्वकर्मा



**अम्बिकापुर।** शासकीय विज्ञान महाविद्यालय की पूर्व प्राचार्य डॉ.कुसुमलता विश्वकर्मा पति राजन विश्वकर्मा का रविवार को निधन हो गया। वे 65 वर्ष की थी तथा लम्बे समय से अस्वस्थ थीं। उन्होंने रविवार को अपने आवास में अंतिम सांसें ली। उनका अंतिम संस्कार शंकरघाट मुक्तिधाम में किया गया। उनकी अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में स्नेही एवं शिक्षा जगत से जुड़े लोग शामिल हुए। डॉ.विश्वकर्मा लंबे समय तक पीजी कॉलेज में विभागाध्यक्ष के पद पर पदस्थ रहने के साथ ही शासकीय विज्ञान महाविद्यालय के प्राचार्य पद पर पदस्थ रही हैं तथा शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। वे अपने पीछे पुत्र राहुल विश्वकर्मा एवं रोहित विश्वकर्मा का भरा पूरा परिवार छोड़ गई है।

---

नगर पालिका के पास नहीं है वैकल्पिक व्यवस्था

# सूख गई कनहर नदी, पानी आपूर्ति के लिए नदी में खोदा गया गड्ढा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अम्बिकापुर/रामानुजगंज

**खास बात**
- समस्या बढ़ने पर सक्रिय हुए अधिकारी

कनहर नदी सूखने की कगार पर है नदी का पानी नाली की तरह बह रहा है। सोमवार से नदी का पानी इंटकवेल तक नहीं पहुंच रहा है। ऐसे में नपा क्षेत्र के लोगों को पर्याप्त पानी उपलब्ध कराना किसी चुनौती से कम नहीं है। हर साल की इस समस्या को विकराल रूप धारण करते देख अब अधिकारी सक्रिय हो गए हैं तथा गर्मी में पेयजल का संकट न हो इसके लिए हर संभव पहल शुरू कर दिए हैं। रामानुजगंज की 25 हजार की आबादी दशकों पुरानी जल आवर्धन योजना पर निर्भर है। योजनान्तर्गत कनहर नदी का पानी स्वच्छ कर टंकी के माध्यम से घर-घर आपूर्ति किया जाता है।

हर साल गर्मी शुरू होते ही कनहर नदी सूख जाती है। नपा परिषद् के जनप्रतिनिधि व अधिकारी हर साल नदी में गड्ढा खोदकर रेत से रिसे पानी से लोगों की प्यास बुझाते हैं। एक पखवाड़े पूर्व नदी का प्रवाह कम होने पर परिषद् द्वारा नदी से इंटकवेल तक गड्ढा खोदकर पानी पहुंचाया जा रहा था। स्थिति को देखते हुए जनप्रतिनिधि व अधिकारी अन्य विकल्पों पर विचार कर रहे थे। समस्या को देखते हुए इंटकवेल के पास जेसीबी से नदी में गड्ढा भी तैयार किया गया था। पानी की बढ़ती मांग को देखते हुए आवश्यकतानुसार दो-तीन दिन के अंतराल में गड्ढे का आकार भी बढ़ाया जा रहा है लेकिन सोमवार को इंटकवेल तक नदी का पानी नहीं पहुंचा तो अधिकारियों को भविष्य की चुनौती का अहसास हुआ। मंगलवार को पुनः गड्ढे का आकार बढ़ाया गया। जिस तेजी से नदी का प्रवाह सूख रहा है एक सप्ताह बाद भीषण जल संकट पैदा होने की संभावना जताई जा रही है। खास बात है कि वर्षों से चली आ रही इस समस्या के निवारण के लिए समय रहते कोई उपाय करने की पहल नहीं की गई। अब समस्या के भयावह होते देख अधिकारी सक्रिय हो गए हैं हर संभव उपाय भी शुरू कर दिए हैं। नदी के सूखने के बावजूद अभी पेयजल आपूर्ति पर काई प्रभाव नहीं पड़ा है तथा पूर्व की तरह अभी भी नियमित 1.50 हजार लीटर पानी की नियमित आपूर्ति की जा रही है।



सूखी कनहर नदी।



पानी के लिए इंटकवेल के पास खोदा गया गड्ढा।

### एनीकट बना शो-पीस

पेयजल समस्या के निराकरण के लिए जनप्रतिनिधियों की पहल पर करोड़ों की लागत से जल संसाधन विभाग द्वारा एनीकट का निर्माण किया गया है। तकनीकी खामियों एवं निर्माण की खानापूर्ति के कारण एनीकट का कोई लाभ नहीं मिला। वर्षों से एनीकट के गेट खराब हैं तथा लगातार पानी का रिसाव हो रहा है। एनीकट में हर साल 10 फीट ऊंचाई तक रेत भर जाता है। एनीकट का पानी लेने के लिए रेत में गड्ढा खोदना पड़ेगा। विभाग हर साल खराब गेटों की मरम्मत भी कराता है लेकिन कभी पानी का रिसाव बंद नहीं हुआ। जन प्रतिनिधियों की इस पहल का भविष्य में भी क्षेत्रवासियों को फायदा मिलने की उम्मीद नहीं है। क्षेत्रवासी एनीकट को शो-पीस से अधिक उपयोगी नहीं मान रहे हैं।

### बेमौसम बारिश से राहत

पिछले दो दिनों में पछुआ विक्षोभ के प्रभाव से हुई बेमौसम बारिश से कनहर नदी का जलस्तर बढ़ गया है। बारिश से नदी के बहाव में खास तेजी नहीं आई है लेकिन नदी क्षेत्र के गड्ढों में पानी भर गया है। ऐसे में बारिश से एक सप्ताह के लिए नदी में पानी की व्यवस्था हो गई है। नपं ने भी जेसीबी से गड्ढा तैयार कर पानी की वैकल्पिक व्यवस्था कर ली है।

### खोदे जाएंगे कुंए एवं ट्यूबवेल

समय सीमा की बैठक में कलेक्टर नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल उपलब्धता की समीक्षा की। समस्या से अवगत होने के बाद उन्होंने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के ईई को रामानुजगंज के भूगर्भ में जल उपलब्धता का परीक्षण करने एवं अलग-अलग स्थानों पर 5-6 ट्यूबवेल खनन कराने के निर्देश दिए। पहाड़ी इलाका होने के कारण क्षेत्र में कम ट्यूबवेल ही सफल हुए हैं जो बड़ी समस्या है। उन्होंने जनपद पंचायत के सीईओ को नगर सीमा से सटे गांवों में गहरे एवं बड़े कुएं बनवाने के निर्देश दिए ताकि आपात स्थिति में इनका उपयोग पेयजल आपूर्ति के लिए किया जा सके। कलेक्टर ने परिषद् के सीएमओ को नदी के बहाव क्षेत्र का भ्रमण करने तथा ग्रामीणों द्वारा सिंचाई के लिए जगह-जगह रोके गए पानी को मुक्त कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने राजपुर, बलरामपुर एवं कुसमी में जल संकट के निवारण के लिए भी कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

### टीम करेगी समीक्षा

पेयजल समस्या के निराकरण के लिए नपं द्वारा 5 दलों का गठन किया गया है जो वार्डों का भ्रमण कर जल संकट की जानकारी लेगी तथा त्वरित निराकरण करेगी। 25 मार्च से मांग के अनुसार घर-घर टैंकर से पानी की आपूर्ति शुरू की जाएगी। नगर के सभी हैण्डपंपों की मरम्मत कराई जा रही है।

-रमन अग्रवाल
अध्यक्ष नपं, रामानुजगंज

### लगातार चल रही पहल

नदी से पानी उपलब्ध नहीं होने पर इंटकवेल के पास जेसीबी से गड्ढा तैयार किया गया है। आवश्यकता के अनुसार गड्ढे का आकार बढ़ाया जा रहा है। पेयजल समस्या के निराकरण के लिए प्रशासन हर संभव पहल कर रहा है।

-सुधीर श्रीवास
मुख्य नगरपालिका अधिकारी, रामानुजगंज

---



# नगर में एक सप्ताह के भीतर चार चोरी फिर से दो दुकानों को बनाया निशाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सूरजपुर

- सेंधमारी कर टेलर दुकान में की गई चोरी, नागरिकों में आक्रोश

नगर में लगातार बढती चोरी की घटनाओं से व्यापारियों में दहशत का माहौल निर्मित है। किराना दुकान और वाशिंग सेंटर में चोरी के मामले को पुलिस अभी सुलझा भी नहीं पाई थी कि एक बार फिर से दो दुकानों में एक साथ चोरी की घटना को अंजाम देकर पुलिस को नई चुनौती दे दी है। बीती रात चोरों ने दो टेलर्स की दुकानों को अपना निशाना बनाया और दीवार तोड़कर सेंधमारी की। इस दौरान चोर एक दुकान की दीवार तोडकर चोरी करने में सफल रहे जबकि दूसरे दुकान की दीवार में छेद नहीं हो पाया। एक साथ फिर से दो दुकानों में चोरी की घटना से लोगों में हड़कंप है जबकि घटना से पुलिस की कार्यप्रणाली सवालों के घेरे में आ गई है।

बता दें कि मानपुर निवासी जाकिर हुसैन की नगर में प्रिंस टेलर के नाम से कपड़े की सिलाई दुकान संचालित है जबकि अहमद हुसैन की पंजाब टेलर्स के नाम से उनके बगल में ही दुकान संचालित है। व्यवसायी शनिवार की रात अपनी दुकानों को बंद कर घर चले गए थे। सोमवार की जब दोनों अपनी अपनी दुकान पहुंचे तो उन्हें चोरी का पता चल सका। चोरों ने प्रिंस टेलर की दुकान की दीवार में छेदकर चोरी की वारदात को अंजाम दिया जबकि पंजाब टेलर के दुकान की दीवार को चोर नहीं तोड़ पाए। चोरों ने दुकान से कपड़े व अन्य सामानों की चोरी की है लेकिन फिलहाल नुकसान का अंदाजा नहीं लगाया जा सका है। बड़ी बात यह है कि नगर में चोरी की यह पहली घटना नहीं है। पांच दिनों पूर्व भी चोरों ने माता कर्मा चौक के सामने सईद अहमद की स्वागत सेल्स के नाम से किराना दुकान व बगल में संचालित कार वाशिंग दुकान में चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। ऐसे में एक सप्ताह के अंदर चार दुकानों में चोरो की घटना से नगरवासियों में हड़कंप मचा हुआ है। जिस तरह से चोर इन दुकानों को निशाना बना रहे है उससे अंदाजा लगाया जा रहा है कि चोर नशेड़ी किस्म के है और अपनी नशे की जरूरतों को पूरा करने के लिए वे इस तरह की वारदातों को अंजाम दे रहे है। फिलहाल चोरी के मामले की शिकायत दुकान संचालकों ने पुलिस से की है। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस टीम द्वारा घटना की जांच शुरू कर दी गई है।

### लोगों में आक्रोश

नगर में लगातार हो रही चोरियों से पुलिस की रात्रि गश्त व्यवस्था पर भी सवाल उठ रहे है। पुलिस अधिकारी लगातार रात्रि पेट्रोलिंग करने का दावा किया जा रहा है लेकिन ऐसा लग रहा है कि चोरों में पुलिस का खौफ खत्म हो चुका है। वहीं इन घटनाओं में व्यवसायियों में भी दशहत का माहौल है। लोगों का कहना है कि चोर बेखौफ होकर भीड़ भाड़ वाले शुभाष चौक पर भी चोरी की वारदात को अंजाम दे रहे है।

### जल्द पकड़े जाएंगे आरोपी

चोरी की पिछली घटना में पुलिस को अहम सुराग मिला है। जल्द ही सभी चोरी के घटनाओं के आरोपी पुलिस के हिरासत में होंगे। पुलिस चोरी के सभी घटनाओं में जांच व कार्रवाई कर रही है।

-प्रशान्त कुमार ठाकुर, एसएसपी

---



# ट्यूबवेल का मोटर निकालने को लेकर विवाद, ग्रामीणों में आक्रोश

- पानी के लिए तरस रहे ग्रामीण

**प्रतापपुर।** विकासखण्ड के ग्राम पंचायत चंदौरा में सरपंच पति व उसके साथियों ने चुनाव में वोट न देने की बात पर ग्रामीणों को परेशान करने के लिए हैंडपंप में लगे पंप को निकाल ले गए। घटना को लेकर गांव के लोगों में आक्रोश व्याप्त है। ग्राम पंचायत चंदौरा की पूर्व सरपंच सुरनेखा पैकरा के कार्यकाल में सार्वजनिक उपयोग के लिए ट्यूबवेल लगाया गया था जिससे ग्रामीणों को स्वच्छ पेयजल मिल सके। वर्तमान में सरपंच पति सदानंद पैकरा और पंच पति बाबूनाथ ने 21 मार्च की सुबह 8 बजे कुछ लोगों के साथ ट्यूबवेल मोटर को जबरन निकालने लगे। ग्रामीणों ने इसका विरोध किया तो उन्हें धमकाया गया और बहस करने पर सरकारी योजनाओं से वंचित करने की बात कही गई। ग्रामीणों का कहना है कि ट्यूबवेल ग्राम पंचायत का था और इसे आम जनता की सुविधा के लिए लगाया गया था लेकिन कुछ लोग इसे निजी स्वार्थ के लिए हटा रहे हैं। ग्रामीणों ने सरपंच पति सदानंद और पंच पति बाबूनाथ पर कथित रूप से वोट नहीं देने पर मोटर निकालने का आरोप लगाया है। ट्यूबवेल की मोटर निकालने के बाद ग्रामीणों को पानी की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। पंचायत द्वारा ट्यूबवेल लगाने का प्रस्ताव ग्राम सभा में पारित किया गया था। ग्रामीणों ने मामले में एसडीएम एवं जनपद सीईओ राधेश्याम मीरझा से शिकायत कर कार्रवाई करने तथा जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि जल्द समाधान नहीं निकला तो वे आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। इस दौरान कार्तिक, अमर साय, सनमेल, रजबरण लालसाय, गंगा प्रसाद, देवसाय, अमित, व अन्य उपस्थित थे। इस विषय में जनपद पंचायत सीईओ राधेश्याम मीरझा ने बताया कि मामले की जांच के लिए दल गठित कर कार्रवाई की जाएगी। उच्च अधिकारियों के निर्देश पर शिकायत के आधार पर अपराध दर्ज कराया जाएगा।

---

# प्रभात फेरी निकाल अमर शहीदों को दी गई श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अम्बिकापुर

- शहीद दिवस पर इप्टा एवं प्रगतिशील लेखक संघ पिछले 39 सालों से कर रहा आयोजन



शहीद दिवस पर रविवार को इप्टा, प्रगतिशील लेखक संघ, शांति एवं एकता संगठन तथा सरदार भगत सिंह अकादमी के संयुक्त तत्वाधान में प्रभात फेरी निकालकर अमर शहीदों को स्मरण किया गया तथा उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

प्रभातफेरी सुबह 6 बजे घड़ी चौक से प्रारम्भ हुई तथा भारत की आजादी के लिए निर्भय होकर हंसते हुए फांसी को गले लगाने वाले शहीदों का जयकारा लगाते हुए महामाया चौक पहुंची। महामाया चौक पर देश की आजादी के लिए अपने प्राणों की आहूति देने वाले शहीदे आजम भगत सिंह, सुखदेव एवं राजगुरू सहित अन्य शहीदों का स्मरण कर उन्हें दो मिनट की मौन श्रद्धांजलि अर्पित की गई। अमर शहीद भगत सिंह, सुखदेव एवं राजगुरू को 23 मार्च के दिन ही फांसी की सजा दी गई थी। इन वीर शहीदों की स्मृति में हर साल शहीद दिवस मनाया जाता है। इप्टा एवं प्रगतिशील लेखक संघ ने शहीदों की स्मृति में प्रभातफेरी निकालने एवं उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करने की शुरूआत वर्ष 1986 में की थी निरंतर शहीदों की स्मृति में आयोजन कर रहा है। प्रभात फेरी में मार्गदर्शन कृषि महाविद्यालय, होलीक्रॉस गर्ल्स कॉलेज की छात्राएं अमर शहीदों के चित्र के पोस्टर लेकर आगे-आगे जयकारा लगाते चल रही थी। इस दौरान जितेंद्र सिंह सोढ़ी ने कहा कि शहीदों ने समाजवादी व्यवस्था की कल्पना की थी तथा सभी को उसके मेहनत का हक मिलने, कोई भी किसी सका शोषण न करे, अमीर-गरीब का भेद न रहे तथा लोग एक-दूसरे के साथ मिलकर रहें सभी को शिक्षा एवं रोजगार मिले ऐसे भारत का सपना देखा था।

इसी का सार हमारे संविधान की प्रस्तावना एवं तानाबाना है। वर्तमान में शहीदों की विरासत को आगे ले जाने का यही उचित समय है। इप्टा के अध्यक्ष अंजनी पाण्डेय एवं सचिव संदीप सिन्हा ने कार्यक्रम का संचालन किया तथा श्रीमती भामरा मेरा रंग दे बसंती चोला गीत की प्रस्तुति दी। अंत में महामाया चौक पर शहीदों को 2 मिनट की मौन श्रद्धांजलि अर्पित करने के उपरांत रैली का समापन किया गया। इस दौरान इप्टा के पर्चों को पढ़ा गया तथा शहीदों की प्रतिमा स्थापित करने एवं शहीद पार्क बनाने की मांग की गई। इस दौरान वेदप्रकाश अग्रवाल, प्रितपाल सिंह, डॉ.रामकुमार मिश्र, राजेश मिश्र, तपन बनर्जी, हरिशंकर त्रिपाठी, सुश्री वंदना दत्ता, श्रीमती अजीत कौर, चंद्र प्रकाश शुक्ला, कामिनी सिन्हा, चनणजीत सिंह गोल्डी, विभिन्न सामाजिक संगठनों के सदस्य, छात्र-छात्राओं सहित बड़ी संख्या में शहरवासी उपस्थित थे।

### भगत सिंह वार्ड में मनाया गया शहीद दिवस, पार्षद ने लिया भगत सिंह चौक बनाने का संकल्प

शहर के भगत सिंह वार्ड में रविवार को पार्षद दीपक यादव की अध्यक्षता में शहीद दिवस मनाया गया तथा अमर शहीदों के बलिदान का स्मरण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर युवा पार्षद दीपक यादव ने कहा कि देश की आजादी के आंदोलन में अग्रणी भूमिका निभाने वाले अमर शहीद भगत सिंह युवाओं के प्रेरणास्रोत हैं। आज ही के दिन अंग्रेजों की हुकूमत ने भारत के तीन तीन सपूतों भगत सिंह, राजगुरू एवं सुखदेव को फांसी पर लटका दिया था। शहर में युवाओं के प्रेरणास्त्रोत एवं अमर शहीद के नाम किसी चौक का नामकरण नहीं किया गया है न ही उनकी प्रतिमा ही स्थापित की गई है। हमारे वार्ड का नामकरण अमर शहीद भगत सिंह के नाम से किया गया है इसलिए हमारी जिम्मेदारी है कि हम उनके नाम पर चौक बनाकर उनकी प्रतिमा स्थापित करने की पहल करें। उन्होंने वार्ड में भगत सिंह चौक बनाने एवं उनकी प्रतिमा स्थापित करने तथा इसके लिए हर संभव प्रयास करने का भरोसा दिया। इस दौरान वार्ड के त्रिकोण चौक पर अमर शहीद भगत सिंह की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई।



हरिभूमि नं.1 आवश्यक सूचना

हरिभूमि

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया
पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736

---

# रामनवमीं पर हनुमान मंदिर से निकाली जाएगी राम दरबार की झांकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रामानुजगंज

- आयोजन समिति की बैठक में हिन्दू नववर्ष को भव्य बनाने के लिए महत्वपूर्ण निर्णय



हिन्दू नववर्ष एवं चैत्र रामनवमी का पर्व भव्य रूप में मनाने हेतु नगरवासियों की कार्ययोजना बनाने संबंधी बैठक प्राचीन श्रीराम मंदिर में नपा परिषद के अध्यक्ष रमन अग्रवाल की अध्यक्षता में हुई।

बैठक श्रीराम की आरती एवं गायत्री मंत्र के पाठ से शुरू हुई। बैठक में गत वर्ष के रामनवमी महोत्सव की समीक्षा की चर्चा कर आगामी महोत्सव को भव्यता देने हेतु उपस्थित लोगों से आवश्यक सुझाव लिए गए। रामनवमी आयोजन समिति के संयोजक रमन अग्रवाल ने कहा कि नगर वासियों के सहयोग से विगत वर्षों से नगर में रामनवमी मनाई जा रही है। इस वर्ष भी रामनवमी में पूरे नगर की सक्रिय सहभागिता होनी चाहिए। चर्चा उपरांत उपस्थित श्रद्धालुओं ने हर्षोल्लास के साथ नवरात्र, श्रीराम जन्मोत्सव एवं रामनवमी पर्व मनाने का निर्णय लिया। बैठक में हिन्दू नववर्ष के स्वागत में शहर के सभी वार्डों के अधिकांश घरों में हनुमत ध्वज लगाने का निर्णय लिया गया। परम्परानुसार इस वर्ष भी रामनवमी के अवसर पर 6 अप्रैल को शाम 4 बजे से मध्य बाजार स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर से श्री राम दरबार सहित प्रभु श्री राम के विभिन्न स्वरूपों को प्रदर्शित करते सुंदर झांकियों के साथ शोभायात्रा निकालने का निर्णय लिया गया। शोभायात्रा प्रमुख मार्गों से होते हुए गांधी मैदान तक भ्रमण करेगी। उपस्थित लोगों ने रामनवमी महोत्सव से अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने के उद्देश्य से नगर के विभिन्न वार्डों एवं मोहल्लों से श्रीराम की झांकी निकालने का आग्रह किया। शोभायात्रा में भाग लेने वाले दलों के उत्साहवर्धन के लिए झांकियों के मध्य प्रतिस्पर्धा आयोजित करने का भी निर्णय लिया गया।

चैत्र नवरात्रि के अवसर पर कनहर नदी तट पर स्थित प्राचीन शिव मंदिर में 3 अप्रैल को शाम 6.30 बजे महाआरती के साथ प्रसाद वितरण करने का निर्णय लिया गया है। 6 अप्रैल को सुबह 10 बजे मध्य बाजार स्थित प्राचीन श्री हनुमत ध्वज एवं शस्त्र पूजन तथा दोपहर 12 बजे श्रीराम मंदिर में श्रीराम जन्मोत्सव एवं भण्डारे का अयोजन करने का निर्णय लिया गया है। इस दौरान झांकी प्रतियोगिता में भाग लेने वाले दलों को 2 अप्रैल तक 500 रूपये शुल्क देकर पंजीयन कराने एवं शोभायात्रा का स्वागत करने वाली टोलियों को मंच से सम्मानित करने का निर्णय लिया गया। इस दौरान एसपी निगम, टी आर शर्मा, पुजारी सुदर्शन दुबे, विजय पाण्डेय, अजय केशरी, अशोक जैन, अजित गुप्ता, प्रमोद कश्यप, सुरेश पूरी, विजय रावत, सुमित गुप्ता, अर्जुन दास, दीपक दुबे, विपिन दुबे, विपिन पाठक, ओमप्रकाश जायसवाल, प्रदीप अग्रवाल, विकास दुबे, अजय गुप्ता, रामाशंकर दुबे, नवल अग्रवाल, रंजीत गुप्ता सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि व नगरवासी शामिल थे।

online Booking:-www.tripuryatra.com
Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour

23 मई से 03 जून 2025, 06 जून से 17 जून 2025,
25 जुलाई से 05 अगस्त (सावन में) (12 दिन)

सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा

पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा(गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू ( बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप, काठमांडू दरबार), गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल), सीतामणी

नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।

राशि:-स्लीपर 17500/-, 3 एसी 27,500/-, 2 एसी 30,500/-(+ 5% GST)

Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411